वर्ष 24, अंक 125, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 14 नवंबर 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# बिहार की सत्ता का फाइनल फैसला

## NDA या महागठबंधन, किसके सिर सजेगा ताज?



**बिहार**

**क्या** बिहार में नीतीश कुमार का दो दशक पुराना शासन जारी रहेगा, या राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव पार्टी की कमान संभालने के बाद अपनी पहली बड़ी चुनावी जीत हासिल करेंगे? इसका जवाब शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों के साथ ही मिल जाएगा, जिस पर सभी की निगाहें टिकी हैं। भाजपा, जदयू और लोजपा (रामविलास) वाला राजग एक और कार्यकाल के लिए सत्ता में आने की उम्मीद कर रहा है, जबकि विपक्षी दल महागठबंधन - जिसमें राजद, कांग्रेस और वामपंथी दल प्रमुख घटक हैं - अगली सरकार बनाने की उम्मीद कर रहा है। 2020 के बिहार चुनाव में जब नीतीश कुमार ने मामूली बहुमत के साथ सरकार बनाई थी, तब तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले गठबंधन को 12,000 से कुछ अधिक वोटों की कमी खली थी। इस चुनाव में प्रशांत किशोर भी एक बड़े फैक्टर हैं।

रिकॉर्ड मतदान

दोनों चरणों में 38 जिलों के 7.4 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं ने 2,616 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करने के लिए वोट डाले। बिहार में ऐतिहासिक 67.13% मतदान हुआ - जो 1951 के बाद से सबसे ज्यादा है। उल्लेखनीय है कि महिला मतदाताओं की भागीदारी 71.78% रही, जो पुरुष मतदाताओं के 62.98% मतदान से कहीं ज्यादा थी। फिलहाल पूरे राज्य में निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या बिहार में सबसे लंबे समय तक शासन करने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रिकॉर्ड पांचवां कार्यकाल हासिल कर पाएंगे।

निर्वाचन आयोग के अनुसार, राज्य के 38 जिलों में बनाए गए कुल 46 काउंटिंग सेंटरों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। छह और 11 नवंबर को दो चरणों में हुए चुनाव में 7.45 करोड़ मतदाताओं ने 2,616 उम्मीदवारों का भाग्य तय किया था। आयोग के बयान के मुताबिक, ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को मजबूत कमरों में दोहरे ताले की प्रणाली के तहत सुरक्षित रखा गया है और पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जा रही है। मतगणना केंद्रों पर दो-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू है, जिसमें भीतरी घेरा केंद्रीय अर्धसैनिक बलों और बाहरी घेरा राज्य पुलिस के जिम्मे है। सभी मजबूत कमरे परिसरों में नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं जिनमें वरिष्ठ जिला अधिकारी तैनात रहेंगे और संबंधित जिलों के सभी जिला चुनाव पदाधिकारियों तथा रिटर्निंग अधिकारियों को बार-बार निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। लगभग सभी एग्जिट पोल ने जनता दल (यूनाइटेड) और भाजपा के गठबंधन राजग की बड़ी जीत का अनुमान लगाया है। तेजस्वी यादव ने इन अनुमानों को खारिज करते हुए कहा है कि महागठबंधन ह्वबड़ी बहुमतह्व से सरकार बनाएगा।

महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने दावा किया कि पार्टी कार्यकर्ता और जनता ह्वमतगणना के दौरान किसी भी असंवैधानिक गतिविधि से निपटने के लिए पूरी तरह तैयारह्व हैं। राजद के एक अन्य नेता सुनील कुमार सिंह ने चेतावनी दी कि ह्वयदि 2020 की तरह मतगणना में बाधा डाली गई, तो सड़कों पर नेपाल जैसी स्थिति देखने को मिलेगी।ह्व भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पलटवार करते हुए कहा कि राजद नेताओं के बयान उनकी हताशाह्व को दशार्ते हैं, क्योंकि जनता ईवीएम में अपनी मुहर लगा चुकी है और ह्वएक बार फिर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को सत्ता सौंपने का मन बना चुकी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि वरिष्ठ नेता लगातार मतगणना केंद्रों पर तैनात कार्यकताओं से संपर्क में हैं और उम्मीद है कि जिस तरह मतदान शांतिपूर्ण रहा, उसी तरह मतगणना का दिन भी शांतिपूर्ण रहेगा।

## बिहार चुनाव: काउंटिंग से पहले तेजस्वी यादव ने की बैठक, 'हम पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएंगे'



**बिहार** चुनाव में वोटों की गिनती से पहले तेजस्वी यादव ने अपने सरकारी आवास पर महागठबंधन के नेताओं के साथ बैठक की. गुरुवार (13 नवंबर) को बैठक के बाद तेजस्वी यादव ने दावा किया कि पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएंगे. उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोगों को मतदान किया है. आरजेडी नेता ने दावा किया कि लोगों ने महागठबंधन के पक्ष में और बदलाव के लिए वोट किया है. हम लोग मेजोरिटी के साथ सरकार बना रहे हैं, हम कल चुनाव जीत रहे हैं. अगर कोई 2020 की तरह कोई अधिकारी गलत काम करेगा तो जनता पांव पर खड़ी है.

इस बैठक में वीआईपी चीफ मुकेश सहनी, कांग्रेस नेता कृष्णा अल्लावरु और CPI (ML) के दीपांकर भट्टाचार्य भी शामिल हुए. बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग से अपील की कि निष्पक्ष होकर वोटों की गिनती करवाई जाए. उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ सीटों पर जहां मुकाबला टाइट है, वहां पर काउंटिंग धीरे करवाने की साजिश है.

इसके आगे उन्होंने कहा कि हमारे सभी साथी काउंटिंग सेंटर पर तैनात हैं.उन्होंने कहा कि जो ईमानदारी से काम करेगा उसको डरने की कोई आवश्यकता नहीं है. अगर कोई किसी के इशारे पर काम करेगा तो उसको सोचना पड़ेगा. उन्होंने कहा कि तमाम अधिकारियों से निवेदन है कि निष्पक्ष तरीके से काउंटिंग करवाएं.

बीजेपी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, "बीजेपी के लोग डरे हुए हैं. बेचैन हैं कि ये सरकार जाने वाली है. ये लोग सभी काउंटिंग सेंटर पर काउंटिंग स्लो करवाएंगे और खासकर उन जगह पर जहां मार्जिन कम है. फिर धीरे-धीरे प्रधानमंत्री माहौल बनाएंगे।

# ऐसी सजा देंगे कि दुनिया देखेगी..

## दिल्ली ब्लास्ट पर अमित शाह दे दिया अल्टीमेटम




**नई दिल्ली**

**केंद्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने चेतावनी दी कि दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार विस्फोट के ज़िम्मेदारों को दी गई सजा से दुनिया भर में एक कड़ा संदेश जाएगा और यह स्पष्ट होगा कि भारत में इस तरह के हमले दोबारा नहीं होने चाहिए। उन्होंने सरकार की इस प्रतिबद्धता को रेखांकित किया कि इसमें शामिल सभी लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी, जो नेतृत्व के उच्चतम स्तर पर दृढ़ संकल्प को दशार्ता है। शाह ने कहा कि दोषियों के खिलाफ की गई कार्रवाई दुनिया को दिखाएगी कि भारत किसी भी रूप में आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। संदेश स्पष्ट होगा - जो कोई भी हमारे देश को नुकसान पहुँचाने की कोशिश करेगा, उसे कठोरतम परिणाम भुगतने होंगे।

गृह मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता तथा ग्रामीण सशक्तिकरण और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गुजरात में श्री मोतीभाई आर. चौधरी सागर सैनिक स्कूल और सागर ऑर्गेनिक प्लांट का उद्घाटन करने के बाद, अमित शाह ने विस्फोट में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

शिक्षा और रक्षा तैयारियों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण पर सरकार के फोकस पर प्रकाश डालते हुए, गृह मंत्री ने कहा कि गुजरात में नवनिर्मित मोतीभाई चौधरी सागर सैनिक स्कूल युवाओं को भारतीय सशस्त्र बलों में सेवा करने के लिए प्रेरित करेगा।उन्होंने आगे कहा कि पीपीपी मॉडल पर 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करने की प्रधानमंत्री मोदी की पहल के तहत, यह स्कूल मेहसाणा के लिए गौरव की बात होगी। शाह ने सामुदायिक विकास के लिए इन शैक्षिक पहलों के महत्व पर जोर दिया।

### हर कश्मीरी आतंकी नहीं, कुछ ही लोग गुमराह!

**जम्मू-कश्मीर**

**जम्मू-कश्मीर** के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को नई दिल्ली के लाल किले के पास हुए विस्फोट की निंदा की, जिसमें कम से कम 12 लोग मारे गए थे। साथ ही, उन्होंने जम्मू-कश्मीर के लोगों द्वारा अपनाए गए शांति और भाईचारे के आदर्शों की भी पुष्टि की। दिल्ली में कथित आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए, मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने कहा कि "कुछ ही लोगों ने इस क्षेत्र में शांति और भाईचारे को नष्ट किया है" और हर कश्मीरी को आतंकवाद से जुड़ा बताना उचित नहीं है।

## दिल्ली में सुरक्षा बढ़ी, यात्रियों को सलाह

### एयरपोर्ट, मेट्रो, ट्रेन के लिए दें अतिरिक्त समय



**नई दिल्ली**

**दिल्ली** पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर यात्रियों से अतिरिक्त समय लेकर अपनी यात्रा की योजना बनाने का आग्रह करते हुए एक एडवाइजरी जारी की है। संयुक्त पुलिस आयुक्त मिलिंद डुम्ब्रे के अनुसार, यात्रियों को असुविधा से बचने और सुरक्षा जांच के दौरान सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए रेलवे स्टेशनों, मेट्रो स्टेशनों और हवाई अड्डे पर पहले से पहुँचने की सलाह दी जाती

एडवाइजरी के अनुसार, ट्रेन से यात्रा करने वाले यात्रियों को निर्धारित प्रस्थान समय से कम से कम एक घंटा पहले पहुँचना चाहिए, मेट्रो यात्रियों को कम से कम 20 मिनट पहले पहुँचना चाहिए, और अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रियों को अपनी उड़ान से कम से कम तीन घंटे पहले हवाई अड्डे पर पहुँचने की सलाह दी जाती है। इस परामर्श का उद्देश्य समय पर विमान में चढ़ने की सुविधा प्रदान करना तथा दिल्ली में रेलवे स्टेशनों, मेट्रो स्टेशनों और हवाई अड्डे सहित प्रमुख परिवहन केन्द्रों के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अंतिम समय में होने वाली देरी को रोकना है। यह परामर्श 10 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी में लाल किला परिसर के पास हुए एक घातक कार विस्फोट के बाद जारी किया गया है, जिसमें 12 लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हुए थे। अधिकारियों ने जनता से आग्रह किया है कि वे कड़ी सतर्कता के इस दौर में सुरक्षा बनाए रखने और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षाकर्मियों के साथ सहयोग करें। इस बीच, एक नया सीसीटीवी फुटेज सामने आया है ।

## आम लोगों के लिए 15 नवंबर तक बंद रहेगा लाल किला

**नई दिल्ली**

दिल्ली में लाल किले के पास ब्लास्ट के बाद सतर्कता बरती जा रही है. इस बीच आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (अरक) ने नोटिफिकेशन जारी करते हुए कहा कि 15 नवंबर तक आम जनता के लिए लाल किला बंद रहेगा. सुरक्षा कारणों से फिलहाल इसे बंद करने का फैसला लिया गया है. लाल किले के पास सोमवार (10 नवंबर) को हुए ब्लास्ट के बाद से राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था और बढ़ा दी गई है. पुलिस की टीमें यात्रियों, सामान और गाड़ियों की गंभीरता से जांच कर रही हैं. इस ब्लास्ट में 13 लोगों की जान गई है.

दिल्ली के मुख्य बाजारों में सन्नाटा

दिल्ली के मुख्य बाजारों में जहां आमतौर पर त्योहारों और शादी के मौसम में चहल पहल दिखती है और अच्छा कारोबार होता है लेकिन इस विस्फोट के बाद इन बाजारों में सन्नाटा पसरा हैं. डर का माहौल अब भी बरकरार है और यही वजह है कि कई बाहरी खरीदार अब व्यक्तिगत तौर से मार्केट में आने के बजाय ऑनलाइन ऑर्डर करना ही अधिक पसंद कर रहे हैं. इस धमाके के बाद से सदर बाजार और चांदनी चौक जैसे थोक व्यापार केन्द्रों में व्यापार पर प्रभाव पड़ा है।

## ढोल-नगाड़ों की थाप से जनजाति भागीदारी उत्सव का किया शुभारंभ



**उत्तर प्रदेश**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा भारत की स्वाधीनता के पक्षधर थे. इसके लिए उन्होंने अभियान चलाया, जिस पर तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने उन्हें गिरफ्तार किया. मात्र 25 वर्ष की आयु में उन्होंने रांची की जेल में अंतिम सांस ली. उन्होंने जनजाति समुदाय को नारा दिया कि अपना देश-अपना राज. देश हमारा है तो राज भी हमारा ही होना चाहिए, विदेशी हुकूमत भारत में राज न करे. धरती आबा को श्रद्धांजलि देते हुए पीएम मोदी ने 15 नवंबर को जनजाति दिवस के रूप में आयोजित करने की प्रेरणा दी.

सीएम योगी ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में गुरुवार को ढोल-नगाड़ों की थाप से जनजाति भागीदारी उत्सव का शुभारंभ किया. सीएम ने यहां लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया. सीएम ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. इस दौरान मेजबान उत्तर प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों के जनजाति कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति भी दी. सीएम योगी ने इस वर्ष की विशेषता बताते हुए इसे महत्वपूर्ण बताया. उन्होंने कहा कि पहली से 15 नवंबर तक देश में जनजाति गौरव पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है. सरकार द्वारा जनजाति समुदाय को समाज व राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने व सम्मान के साथ आगे बढ़ने के लिए बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया जा रहा है.

22 राज्यों के कलाकार उत्तर प्रदेश आकर बन रहे सहभागी

सीएम योगी ने कहा कि सांस्कृतिक समागम में 22 राज्यों के कलाकारों को जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है. कलाकार सहभागिता की दृष्टि से अरुणाचल प्रदेश पार्टनर स्टेट है।

## शुभेंदु अधिकारी का दावा, कहा- बंगाल आतंकवाद का अड्डा बन रहा



**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम बंगाल** विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि उन्हें पाकिस्तान से फोन पर धमकी भरा फोन आया है। यह घटना उसी दिन हुई जब अधिकारी ने पश्चिम बंगाल से जुड़े राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा के लिए दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। अधिकारी ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब उन्हें इस तरह की धमकियाँ मिली हों। अधिकारी के अनुसार, इन धमकी भरे कॉल्स का कारण यह है कि "बंगाल इस्लामी आतंकवाद के लिए एक सुरक्षित पनाहगाह बन गया है। उन्होंने कहा कि बंगाल में आतंकवादी हमले नहीं होते क्योंकि उन्हें पता है कि जब तक ममता बनर्जी सत्ता में हैं, वे सुरक्षित हैं... लेकिन हम जैसे लोगों को धमकी भरे कॉल आते हैं। मुझे दो दिन पहले ही पाकिस्तान से एक धमकी भरा कॉल आया था। मुझे बांग्लादेश से नियमित रूप से ऐसे कॉल आते हैं। मैंने एजेंसियों को इसकी जानकारी दे दी है। अधिकारी ने दावा किया कि जिस दिन वह दिल्ली में थे, उसी दिन उन्हें धमकी भरा कॉल आया था। कॉल का एक ऑडियो क्लिप जारी किया गया है, जिसमें कथित तौर पर कॉल करने वाला हिंदी में कह रहा है, मैं पाकिस्तान से बोल रहा हूँ। थोड़ा सावधान रहना, वरना तुम्हें उड़ा दिया जाएगा। भारत में कितने बीएसएफ जवानों को उड़ा दिया गया है! तुम्हें भी उड़ा दिया जाएगा। सावधान रहना। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कॉल से संबंधित नंबर कथित तौर पर देश कोड +966 से शुरू हुआ था।

## सरकार जल्द ही दिल्ली को एनसीआर शहरों से जोड़ने वाली बस सेवा शुरू करेगी: रेखा गुप्ता



**नई दिल्ली**

**दिल्ली** की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि उनकी सरकार जल्द ही राष्ट्रीय राजधानी को विभिन्न एनसीआर शहरों से जोड़ने वाली डीटीसी बस सेवाएं फिर शुरू करेगी। उन्होंने दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) द्वारा संचालित एक और अंतरराज्यीय इलेक्ट्रिक बस को हरी झंडी दिखाई, जो कश्मीरी गेट टर्मिनल से सोनीपत बस स्टैंड तक चलेगी। ये इलेक्ट्रिक बसें एयर कंडीशनिंग, सीसीटीवी कैमरे, आपातकालीन बटन और जीपीएस सिस्टम से लैस हैं। गुप्ता ने घोषणा की कि सरकार जल्द ही दिल्ली को एनसीआर के आसपास के शहरों से जोड़ने वाली डीटीसी बस सेवाएं फिर शुरू करेगी। उन्होंने सोनीपत के लिए तीन अंतरराज्यीय इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाई। इससे पहले सेवा पखवाड़ा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर मुख्यमंत्री ने दिल्ली और बड़ौत के बीच पहली अंतरराज्यीय इलेक्ट्रिक बस सेवा का उद्घाटन किया था।

गुप्ता ने कहा, नयी डीटीसी इलेक्ट्रिक बसें अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। ये बसें यात्रियों के लिए सुरक्षित और अधिक आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करेंगी और दिल्ली-सोनीपत मार्ग पर नियमित रूप से चलेंगी, जिससे दोनों शहरों के बीच सुचारू संपर्क सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल गतिशीलता को बढ़ाएगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी। दिल्ली के परिवहन मंत्री पंकज कुमार सिंह ने कहा कि अंतरराज्यीय बस सेवाएं कई वर्षों से बंद हैं, जिससे दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र के बीच संपर्क पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। दिल्ली से सोनीपत के लिए बसें सुबह 4.45 बजे, 5.15 बजे, 5.45 बजे तथा शाम में 4.45 बजे, 5.15 बजे और 5.45 बजे चलेंगी।

## एसीपी कार्यालय को लेकर अधिवक्ताओं ने दूसरे दिन भी तहसीलदार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए की तालाबंदी

अखंड भारत संदेश



**करछना।** तहसील में अधिवक्ताओं ने दूसरे दिन बृहस्पतिवार को भी किया धरना प्रदर्शन तहसील में की तालाबंदी एसीपी कार्यालय करछना को लेकर अधिवक्ताओं ने तहसीलदार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए नारेबाजी की और तहसील के दफ्तर में तालाबंदी किया गया इस मौके पर अधिवक्ताओं ने कहा कि करछना एसीपी कार्यालय करछना के बजाय नैनी एग्रीकल्चर में एसीपी कार्यालय चल रहा है जिससे अधिवक्ताओं को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है , मुकदमे में जमानत लेने के लिए करछना और औद्योगिक थाने से जो भी चालान भेजा जाता है जिससे वाद कारियो और अधिवक्ताओं को आने-जाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है जिसको लेकर अधिवक्ताओं ने समय-समय पर अधिकारियों से इस समस्या का निराकरण करने की मांग की जिसके परिपेक्ष में करछना तहसील के पास एसीपी कार्यालय के लिए भूमि को चिन्हित कर घेराबंदी की गई है लेकिन आज तक भवन का निर्माण नहीं हो पाया है ऐसे में जिलाधिकारी ने आदेशित किया था की तहसील में बने भवन में ही एसीपी कार्यालय बनाया जाए लेकिन तहसीलदार करछना ने अधिवक्ताओं से बातचीत के दौरान यह कहा कि उनके पास एसीपी कार्यालय के लिए भवन नहीं है इस बात को लेकर करछना तहसील में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय पांडे महामंत्री शिवेंद्र सिंहप्रिंस के साथ पूर्व महामंत्री हंसराज सिंह, पूर्व अध्यक्ष हरमोहन मिश्रा चिंतामणि शुक्ला , अभिषेक सिंह, केपी सिंह, केके पांडे, लाल बहादुर सिंह के साथ सैकड़ो अधिवक्ता लंब बंद होकर नारेबाजी करते हुए तहसीलदार के खिलाफ मोर्चा खोला और तहसील में न्यायालय एवं दफ्तरों में तालाबंदी किया गया और अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे और चेतावनी दी कि अगर उनकी मांग पर लिखित में आश्वासन नहीं मिलता तो अधिवक्ता बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## छात्र को रास्ते मे रोक कर मारा पीटा गया, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने छात्र को बस से उतार कर मारे पीटे और जान से मारने की धमकी दिए।छात्र ने दो नामजद दो अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम गोवर्धनपुर निवासी सौरभ कुमार पटेल पुत्र स्वर्गीय राधेश्याम का कहना है कि वह शिव गंगा विधा मन्दिर में कक्षा नौ में पढता है।सौरभ पटेल का आरोप है कि वह स्कूल से बस द्वारा घर जा रहा था आरोप है कि ग्राम गढचम्पा के पास बस रोक कर दबंगों ने उसे उतार लिए और मारे पीटे तथा जान से मारने की धमकी दिए।सौरभ पटेल ने मऊआइमा थाने में हसन, दानिश ग्राम अज्ञात तथा दो अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## न्यूज झरोखा

### दिल्ली कार ब्लास्ट में मृतकों व घायलों के प्रति कांग्रेसियों ने व्यक्त की संवेदना



**सहसों।** कांग्रेस पार्टी गंगापार के जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर दिल्ली कार ब्लास्ट में अपनी जान गवाने और घायलों के प्रति कांग्रेस के नेताओं एवं कार्यकताओं ने संवेदना व्यक्त किया। गारापुर के तकिया चौराहे पर कांग्रेसियों ने दीप जलाकर नमन करते हुए अपना आक्रोश जताया। इस अवसर पर गंगापार जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इसकी घोर निंदा और भर्तसना करती है और उन आतंकवादियों के प्रति जिन्होंने इस घटना को अंजाम दिया। उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग शासन और सरकार से करती है। अहमद ने कहा कि खुफिया एजेंसी एक सप्ताह पूर्व इस प्रकार की आतंकवादी घटना के लिए आशंका जताई थी।लेकिन उस पर सतर्क ना रहने के कारण इस प्रकार की घटना हो गई फिलहाल कांग्रेस पार्टी इस दुख की घड़ी में मृतक परिवारों के साथ खड़ी है और अपनी संवेदनाएं प्रस्तुत करती है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि इन आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए और ऐसा जवाब देना सुनिश्चित करना चाहिए कि इस प्रकार की कायर्ता पूर्ण गतिविधियों को दुबारा करने के लिए सौ बार उन्हें सोचना पड़े। कांग्रेस पार्टी प्रत्येक मृतकों के परिवार को कम से कम 50 लाख रुपए का मुआवजा प्रत्येक परिवार को सरकार से सहायता के रूप में देने की भी मांग की है। इस अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष गंगापार देवराज उपाध्याय, शरद उपाध्याय मुन्ना, सूफिया बानो, उर्मिला सिंह, सुनील पाण्डेय, रामचन्द्र पटेल, अरविन्द पाल, सलीम टाइगर, रितेश सोनू, बबलू प्रधान, हाफिज मोहम्मद सफीक, मोहम्मद साबिर, रोहित पटेल, राम बहादुर पटेल, शिवनाथ भारतीया, अकील चन्द्र, अशोक पटेल, इन्द्रजीत पटेल, महेन्द्र पटेल, पवन पटेल, हृदयानन्द आदि लोग उपस्थित रहे।

### जसरा बीआरसी में मेजरमेंट कैंप का आयोजन सम्पन्न



**जसरा।** शासन के दिव्यांग बच्चों के प्रोत्साहन संबंधित निर्देश के क्रम में गुरुवार को समग्र शिक्षा के अंतर्गत समेकित शिक्षा के तत्वावधान में एलिम्को कानपुर के सहयोग से दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाने हेतु मापन शिविर का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र जसरा पर आयोजित किया गया। कैंप में कुल 242 बच्चों का परीक्षण किया गया, तथा कैंप में लगभग 209 दिव्यांग बच्चों को उपकरण/उपकर चिन्हित किए गए जिनमें पीएम श्री योजना अंतर्गत 22 बच्चों को उपकरण एवं उपकर चिन्हित किया गया। उक्त कैंप में विकास पाण्डेय, एलिम्को कानपुर पुनर्वास विशेषज्ञ आनंद कुमार, रोहिनी, विनीत कुमार पाण्डेय कुमार,ऑडियोलॉजिस्ट शशि कुमार, मनीष कुमार शर्मा, विकास कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा, मुकेश सैनी सोल सार्क, स्पेशल एजुकेटर कमलेश, अरविन्द कुमार मिश्रा, राजेश कुमार मिश्रा, राजेन्द्र यादव मौजूद रहे।

## गेहूं बुवाई की नई विधि, पैरा विधि से बुआई कर रहे कोरांव के किसान



### कम लागत व कम समय में मिल रहा अधिक उत्पादन

डॉ शमीम

**पसना।** कोरांव तहसील के किसानों ने धान की कटाई से पहले ही गेहूं की नई फसल की बुवाई 'पैरा विधि' से शुरू कर दी है। पिछले दो सालों से इस तकनीक को अपनाकर गेहूं की खेती कर रहे किसानों ने इस बार भी बड़े पैमाने पर इसे अपनाया है। यह विधि लागत कम करने और उत्पादन बढ़ाने में सहायक मानी जा रही है।

इस 'पैरा विधि' में धान की खड़ी या कटी हुई फसल के बीच गेहूं के बीज छिड़क दिए जाते हैं। धान की कटाई के बाद ये बीज उगना शुरू हो जाते हैं। यह तकनीक खेतों की जुताई और सिंचाई के खर्च को बचाती है, जिससे किसानों का समय और धन दोनों बचता है। साथ ही, फसल की समयावधि भी कम हो जाती है।

पसना गांव के किसान सुभाष चंद्र पटेल ने बताया कि उन्होंने हाल ही में लगभग 10 बीघे में गेहूं की बुवाई पैरा विधि से की है। उनके अनुसार, इस विधि से पारंपरिक तरीके की तुलना में उत्पादन अधिक होता है और खेती की लागत भी काफी कम आती है।

बभनपट्टी के बालकृष्ण पाठक ने पिछले साल पैरा विधि से गेहूं की बुवाई की थी। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस विधि से उत्पादन जुताई विधि के मुकाबले दोगुना हुआ था, जो किसानों के लिए काफी फायदेमंद है।

सींकी गांव के किसान आफताब अहमद ने भी इस तकनीक को किसानों के लिए लाभकारी बताया। पिछले दो सालों के सफल उत्पादन को देखते हुए, इस साल भी कोरांव क्षेत्र के अधिकांश किसान इसी कम लागत वाली और अधिक उत्पादन देने वाली तकनीक का उपयोग कर रहे हैं।

## जनपद सोनभद्र के कृषकों का पाँच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रसार निदेशालय, सैम हिग्गिनबॉटम कृषि प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रयागराज में जनपद-सोनभद्र के कृषकों हेतु संचालित होने वाले आत्मा योजनान्तर्गत आयोजित पाँच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ आज किया गया।

मुख्य अतिथि निदेशक प्रसार डा0 प्रवीन चरन ने कृषकों को प्राकृतिक खेती के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि किसान भाई रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग कम से कम करें । अत्यधिक प्रयोग होने के कारण जो भी खाद्यान्न उत्पादन हो रहा है उसका प्रभाव सामान्य जीवन को प्रभावित कर रहा है । वैज्ञानिक डा0 शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कृषकों को सब्जियों की खेती मिर्च, बैंगन, टमाटर, में नर्सरी प्रबन्धन, कीट रोग प्रबन्धन पर विस्तृत जानकारी दी । वैज्ञानिक डा0 योगेश चन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि खाद्यान्न फसलों की उत्पादन तकनीक की जानकारी दी व प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से कृषकों की आय वृद्धि हेतु नवीन तकनीकी जानकारी पर चर्चा की ।

डा0 टी. डी. मिश्रा ने कृषकों को बताया कि संस्थान के विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित होने के उपरांत उ0प्र0 सरकार के सहयोग से कृषकों का कृषि एवं सम्बन्धित क्षेत्रों में प्रशिक्षण का कार्यक्रम प्रसार निदेशालय के माध्यम से निरंतर संचालित किया जा रहा है जिसका क्षेत्र में उत्पादकता एवं कृषक आय में वृद्धि के रूप में प्रदर्शित होना आरम्भ हो चुका है। डा0 शिशिर कुमार ने कृषकों को सम्बोधित करते हुए रबी मौसम में बोई जाने वाली फसल गेहूँ, चना, मटर, मसूर, सरसों उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीकी की चर्चा की कार्यक्रम में प्रसार निदेशालय के वैज्ञानिक डा॰ शिशिर कुमार, डा॰ मनीष कुमार केसरवानी, डा॰ योगेश चन्द्र श्रीवास्तव, डा॰ शैलेन्द्र कुमार सिंह, वीमेन मोटीवेटर श्रीमती मीना नेथन उपस्थित रहें एवं प्रतिभागी कृषकों का मार्गदर्शन किया।

## पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय शंकरगढ़ में स्वच्छता एवं महिला सशक्तिकरण पर प्रतियोगिता आयोजित

अखंड भारत संदेश




**शंकरगढ़।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पंचायत शंकरगढ़ के निर्देशन में पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय शंकरगढ़ में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के बीच एक विशेष जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में दर्जनों छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता का प्रेरणादायक संदेश दिया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनमें स्वच्छ व सशक्त भारत के निर्माण की भावना को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने निबंध लेखन, चित्रकला, भाषण एवं पोस्टर बनाने जैसी गतिविधियों के माध्यम से अपने विचार अभिव्यक्त किए।यह कार्यक्रम नगर पंचायत शंकरगढ़ के निर्देशों के क्रम में आयोजित किया गया, जिसमें नगर पंचायत के सहयोग से विद्यार्थियों को भागीदारी हेतु प्रेरित किया गया। स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में स्थानीय प्रशासन और विद्यालय परिवार की संयुक्त भूमिका सराहनीय रही।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र सिंह, नृपेंद्र सिंह,लिपिक प्रदीप कुमार, मनीष कुमार सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की सराहना की गई और उन्हें भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।




### करछना महोत्सव के तहत शिल्प मेले का सांसद उज्जवल रमण ने किया उद्घाटन।

**करछना।** ब्लॉक परिसर करछना के सामने शुक्रवार शाम इलाहाबाद सांसद उज्जवल रमण सिंह ने करछना महोत्सव के तहत शिल्प मेले का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने शिल्प मेले में स्टार लगाने वाले दुकानदारों से मिले और शिल्प वस्तुओं के बारे में जानकारी ली और कहा कि विगत दो-तीन वर्षों से लगातार करछना महोत्सव के तहत सिर्फ मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें दूरदराज से कुटीर उद्योग और शिल्प उद्यमी अपनी वस्तुओं का स्टॉल लगाकर जहां एक ओर ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण कौशल का अवसर मिल रहा है वही इन्हें अच्छा बाजार भी मिल सकता है लेकिन सरकार की छोटे उद्योगों की दमनकारी नीतियों के चलते ऐसे कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन नहीं मिल पा रहा है सरकार गरीब मजदूर और कामगारों के विषय में नहीं सोच रही है पूंजी पतियों के इशारे पर बड़े उद्योगपतियों को ही लाभ पहुंचाने का काम कर रही है जिसका मेरे द्वारा समय-समय पर सांसद और संसद के बाहर भी आवाज उठाई गई है और आगे भी मैं गरीब,मजदूर, किसान कामगार की लड़ाई लड़ता रहूंगा। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख विजय राज सिंह राजू, हंसराज सिंह , चिंतामणि शुक्ला, आशुतोष सिंह, सूरज सिंह,उदय प्रताप सिंह,मोहम्मद आलम, मोज्जम, अंगद सिंह, मंगला पटेल शाहिद बड़ी संख्या में सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## भारत स्काउट गाइड का त्रिदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शि इं मीडिएट कॉलेज सहसों में सपन्न



**सहसों।** भारत स्काउट गाइड का आयोजित त्रिदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शिवाजी इंटर मीडिएट कॉलेज सहसों के प्रांगण में गुरुवार को सकुशल संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फूलपुर, पंडित जवाहर लाल नेहरू इंटर कॉलेज भोपतपुर एवं शिवाजी इंटरमीडिएट कॉलेज सहसों के प्रतिभागी छात्र छात्राओं ने बहुत ही सुंदरता के साथ प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण को 11 नवंबर से प्रारंभ कर 13 नवंबर गुरुवार को समापन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि भारत स्काउट गाइड के जिला सचिव पी पी सिंह एवं विशिष्ट अतिथि राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फूलपुर की प्रधानाचार्य ज्योति सिंह ने बच्चों को अपनी शुभकामना संदेश में कहा कि बच्चों को स्काउट गाइड का मुख्य उद्देश्य उसकी विशेषताएं आदि के बारे में जानकारी हांसिल होना तथा ऐसे कार्यक्रमों में होनहार बच्चों को बढ़ चढ़कर साहसपूर्वक प्रतिभाग से करने से उनके अंदर की छिपी प्रतिभाएं निखर कर सामने आती हैं। स्काउट गाइड के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए साहसपूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत स्काउट गाइड के तहसील फूलपुर प्रभारी सुरेंद्र प्रताप सिंह तथा ब्लॉक बहादुरपुर प्रभारी तीर्थराज पटेल भी बच्चों को जानकारी एवं उनका उत्सावर्धन करते हुए अपनी विचार व्यक्त किए। प्रतिभागी बच्चों द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों को माल्यार्पण कर उनके सम्मान में स्वागत गीत गया गया। उपरांत बच्चों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की सुंदरता में सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें सरस्वती वंदना, राष्ट्रीय गीत आदि की सुंदर प्रस्तुति देते हुए भव्यता के साथ कार्यक्रम में चार चांद लगाए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राम आशीष जोशी, रामेंद्र सर, सपना पटेल, माधवी, कीर्ति सहित विद्यालय के शिक्षक एवं समस्त कर्मचारी सहयोग प्रदान करते उपस्थित रहे।

### संक्रामक रोग की आहट पर हरकत में आया स्वास्थ्य विभाग, सीएचसी की टीम ने किया उपचार




**शंकरगढ़।** स्वास्थ्य विभाग शंकरगढ़ की टीम ने अपनी सतर्कता और तत्परता का परिचय देते हुए लालापुर क्षेत्र के ग्राम मदुरी में संक्रामक रोग की सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई की। अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ डॉ. अभिषेक सिंह के निर्देशन में एक चिकित्सकीय दल को मौके पर भेजा गया, जिसने प्रभावित ग्रामीणों का उपचार किया और संक्रमण के संभावित प्रसार पर रोक लगाने हेतु आवश्यक कदम उठाए।टीम ने मौके पर पहुंचकर रोगियों का तात्कालिक इलाज किया तथा उनका ब्लड सैंपल जांच हेतु भेजा गया। साथ ही, गांव में स्वच्छता, साफ पानी और व्यक्तिगत सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों को जागरूक भी किया गया।मुख्य चिकित्साधिकारी प्रयागराज डॉ. अरुण कुमार तिवारी ने अधीक्षक डॉ. अभिषेक सिंह को निर्देशित करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। चिकित्सकीय दल में डॉ. अनूप सिंह, अपर शोध अधिकारी अजय कुमार, फार्मासिस्ट करन सिंह, प्रयोगशाला सहायक योगेश, एनएम, आशा, बीसीपीएम संजय तथा डब्ल्यूएचओ मॉनिटर सम्मिलित रहे। टीम ने मौके पर स्वास्थ्य स्थिति का आकलन कर रिपोर्ट तैयार की और आसपास के क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने की बात कही। अधीक्षक डॉ अभिषेक सिंह ने ने बताया कि ग्राम मदुरी की स्थिति फिलहाल पूरी तरह नियंत्रण में है तथा स्वास्थ्य विभाग लगातार निगरानी बनाए हुए है।

## विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

अखंड भारत संदेश



**करछना।** युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित शुक्रवार को बारा विधानसभा क्षेत्र के ईश्वरदीन छेदीलाल इण्टर कॉलेज में विधायक खेल स्पर्धा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, भारोत्तोलन, कबड्डी और बैडमिंटन सहित आठ खेल विधाओं में सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग के बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक बारा श्री वाचस्पति जी ने किया। उन्होंने कहा कि खेल व्यक्ति के जीवन में अनुशासन, समय पाबन्दी और टीम भावना को मजबूत करते हैं। नियमित अभ्यास से युवा अपनी दिशा तय कर सफलता की ऊंचाइयां प्राप्त कर सकते हैं। वहीं विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी बारा श्रीमती प्रेरणा गौतम खिलाड़ियों का परिचय देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। 400 मीटर बालक वर्ग दौड़ में रीतेश कुशवाहा और बालिका वर्ग में ममता यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 1500 मीटर दौड़ में नीरज कुमार बिन्द और 200 मीटर में क्षमा यादव जागेन्द्र कुमार ने बाजी मारी, जबकि गोला फेंक स्पर्धा में आंचल पटेल प्रथम रहीं।

कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी श्री सुनील कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी देवांशिका सिंह, श्रीमती अर्चना यादव, श्री सन्तोष कुमार सिंह,लक्ष्मी कान्त पटेल, खण्ड विकास एडीओ दिनेश पाठक, क्षे युवा कल्याण अधिकारी संतोष सिंह, श्री प्रकाश शुक्ल प्रचंड,युवा मोर्चा अध्यक्ष राम जी त्रिपाठी, सुधांशु मिश्रा, सहित विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ी, शिक्षक और गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## दिघिया निषाद बस्ती की सड़क अपनी दयनिकता पर आँसू बहा रही है, ग्रामीणों ने निर्माण की मांग

अखंड भारत संदेश



**मांडा।** विकास खंड मांडा अन्तर्गत स्थित दिघिया निषाद बस्ती आज भी पक्की सड़क जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित है। बरसात के मौसम में कीचड़ और जलभराव के कारण ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो जाता है, जिससे स्कूल, अस्पताल और बाजार तक पहुँचने में गंभीर समस्याएं उत्पन्न होती हैं। और राहगिरो को परेशानियां झेलनी पड़ती है। ग्रामीणों ने इस समस्या के समाधान के लिए गुरुवार को प्रयागराज के लोकसभा सांसद उज्ज्वल रमण सिंह से मुलाकात कर लिखित प्रार्थना पत्र देकर सड़क निर्माण कि मांग की। वही विवेक कुमार और विजय बहादुर सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि बरसात में बस्ती का मुख्य रास्ता कीचड़ में तब्दील हो जाता है, जिससे दैनिक जीवन अत्यंत कठिन हो गया है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान मंगला प्रसाद पाल, जोखू निषाद, अजय कुमार सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। सांसद ने ग्रामीणों की समस्या को प्रमुखता से सुनकर आश्वासन दिया कि संबंधित विभाग से शीघ्र संपर्क कर सड़क निर्माण की दिशा में कदम उठाए जाएंगे।

ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि जल्द ही उनकी यह वर्षों पुरानी समस्या दूर होगी और बस्ती में पक्की सड़क बनकर उनके जीवन को आसान बनाएगी।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज बोर्ड की बैठक सम्पन्न

**इलेक्ट्रिानिक बसों के चार्जिंग प्वाईट हेतु बमरौली, फाफामऊ एवं अंदावा के आस-पास भूमि चिन्हित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा**




**अखंड भारत संदेश**

प्रयागराज । मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरूवार को गांधी सभागार में सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज बोर्ड की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आर0एम0 रोडवेज के द्वारा इलेक्ट्रानिक बसों के चार्जिंग प्वाइंट हेतु बमरौली, फाफामऊ एवं अंदावा के आस-पास दो स्थानों एवं बस डिपो के लिए 1 स्थान पर भूमि चिन्हीकरण किए जाने के सम्बंध में अवगत कराये जाने पर मण्डलायुक्त ने इस सम्बंध में आवश्यक कार्यवाही किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने लाभदायक एवं अधिक यात्रियों की उपलब्धता वाले मार्गो पर सिटी बसों का संचालन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा। इसके साथ ही साथ मण्डलायुक्त ने माघ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन की सुगमता एवं सुविधा हेतु अतिरिक्त बसों की व्यवस्था समय से सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश आर0एम0 रोडवेज को दिए है। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, नगर आयुक्त सांई तेजा, प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ऋषिराज, डीसीपी नगर मनीष कुमार शांडिल्य, सम्भागीय परिवहन अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर में पशुओं की हुई जांच दी गई निःशुल्क दवाएं



**करछना।** पं. दीनदयाल उपाध्याय एक दिवसीय विकास खंड स्तरीय पशु आरोग्य शिविर मेला का आयोजन गुरुवार को विकास खंड करछना के न्याय पंचायत बरदहा अंतर्गत ग्राम सोनाई में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान सोनाई द्वारा फीता काटकर किया गया। पशुपालन विभाग प्रयागराज की टीम ने शिविर में पहुंचे पशुपालकों के पशुओं की जांच कर विभिन्न बीमारियों की जानकारी दी और उनका तत्काल उपचार किया। पशुपालकों को निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। शिविर में लगभग 100 पशुओं की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान पशु चिकित्सकों ने पशुपालकों को पशु पालन से जुड़ी सरकारी योजनाओं, टीकाकरण के महत्व और दूध उत्पादन बढ़ाने के उपायों की जानकारी दी। ग्राम सभा के प्रमुख लोगों में हीरालाल, अभयराज, संजय, कौशल, गुलाब, शिवदयाल, फोटो देवी, गीता और माधुरी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी प्रयागराज के निर्देशन तथा मुख्य विकास अधिकारी और जिलाधिकारी प्रयागराज के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा और पशुपालकों को वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन के प्रति जागरूक करना रहा। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और ऐसे शिविरों को समय-समय पर आयोजित किए जाने की मांग की।

## न्यूज झरोखा

### जिला स्तरीय गणित ओलंपियाड में रोहन प्रथम स्थान पर




**कौंधियारा।** कौंधियारा के उच्च प्राथमिक विद्यालय भनौरी के कक्षा 8 के छात्र रोहन ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज में आयोजित प्रथम जिला स्तरीय गणित ओलंपियाड में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में जिले के सभी विकास क्षेत्रों के ब्लॉक स्तर पर चयनित विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। रोहन ने 87.5% अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया। प्रधानाध्यापक राजेंद्र प्रजापति, सहायक अध्यापक नीलम श्रीवास्तव, शबनम, एआरपी अनित कुमार मिश्रा, नीरज मिश्रा, रामबाबू पटेल और खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार अवस्थी ने रोहन को सम्मानित करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### महाविद्यालय में मिशन शक्ति फेज 5 के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर नुक्कड़ नाटक आयोजित



**नैनी।** नैनी हेमवती नन्दन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया राजनीति विज्ञान और इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में छात्र छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस नाटक के माध्यम से समाज में स्त्रियों के साथ होने वाले भेदभाव को दशार्या गया और छात्राओं द्वारा अपने सपनों के साथ कंप्रोमाइज न करने का शपथ भी लिया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मंजूलता ने बच्चों के नाटक नुक्कड़ की सराहना की और उनका उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आप बदलेंगे तो समाज भी एक दिन जरूर बदलेगा, आप स्वयं भी किसी के साथ भेदभाव ना करें और ना ही भेदभाव को सहन करें। इस कार्यक्रम के अवसर पर प्रो.ओम प्रकाश, प्रो नीतू सिंह, प्रो. दीपक, मिशन शक्ति फेज 5 की संयोजक डॉ. हेमलता, सहसंयोजक डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. रफत अनीश, डॉ. मंजरी मिश्रा, डॉ. नूर फातिमा, डॉ रामकुमार, डॉ प्रिया, डॉ हरगोविंद चौरसिया, डॉ अजय मिश्रा, डॉ राजेश यादव, डॉ इंदु प्रकाश, डॉ. सुचित्रा कृष्णमूर्ति एवं अन्य शिक्षक तथा कर्मचारी उपस्थित रहे। नुक्कड़ नाटक प्रस्तुतिकरण साधना, जीनत, मंतशा, सुधाकर, अनुपम, पायल, मानसी, रानू, शिवानी, सपना, पालक, सास्वत, अनन्या एवम श्वेता द्वारा किया गया।

### 136 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय द्वारा द पाम एकेडमी, करैलाबाग, प्रयागराज में दिनांक-13.11.2025 को प्रातः10.00 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। इस मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों द्वारा कुल 136 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 225 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती अनुरिमा राय, टीचर ट्रेनर एण्ड मार्केटिग प्रोफेशन, दिल्ली एवं श्रीमती फौजिया शाहिद, एकेडमी हेड, मो0 सगीर जावेद, उप प्रधानाचार्य, द पाम एके-डमी, करैलाबाग तथा मानवेन्द्र सिंह, सहायक सेवायोजन अधिकारी व सेवायोजन कार्यालय के कर्मचारी मारूफ अहमद आदि तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहें।

### 14 से 16 नवम्बर, 2025 तक 'सोरांव महोत्सव' का किया जायेगा आयोजन

**प्रयागराज।** सोरांव तहसील के अंतर्गत मेवा लाल ग्राउंड में दिनांक 14 से 16 नवम्बर, 2025 तक सोरांव महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। सोरांव महोत्सव में विकास कार्यों से सम्बंधित विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा तथा विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

### स्वच्छ भारत मिशन और विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न



**प्रयागराज।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) और विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक गुरुवार को जिला पंचायत राज अधिकारी रवि शंकर द्विवेदी की अध्यक्षता में जिला पंचायत राज कार्यालय प्रयागराज में संपन्न हुई। इस बैठक में गंगापार क्षेत्र के सभी 13 विकासखंडों के ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना और उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देना रहा। बैठक में डीपीआरओ रवि शंकर द्विवेदी ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, आईजीआरएस सहित अन्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देश दिया कि प्रत्येक कार्य की पत्रावलियाँ पूर्ण, सुसंगठित और त्रुटिहीन बनाई जाएं। कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी गोआश्रय स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे तत्काल स्थापित किए जाएं ताकि पशुओं की देखरेख और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा सभी ग्राम पंचायतों का जीएसटी पंजीकरण शीघ्र पूर्ण करने पर बल दिया गया। डीपीआरओ ने कहा कि सभी बिल और वाउचर ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर सही ढंग से अपलोड किए जाएं, साथ ही स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित वाउचर एसएनए स्पर्श पोर्टल पर भी समय से अपलोड किए जाएं। उन्होंने सभी आरआरसी केंद्रों (रिकवरी, रिसाइकिलिंग, कंपोस्ट सेंटर) को सक्रिय और कार्यशील बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने पंचायत सहायकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और ग्राम पंचायत परिसंपत्तियों की देखरेख व मरम्मत का भी आदेश दिया। रवि शंकर द्विवेदी ने कहा कि योजनाओं के सुचारू संचालन से ग्रामीण क्षेत्रों का विकास गति पकड़ेगा और प्रयागराज जिले की ग्राम पंचायतें स्वच्छ, सशक्त और आदर्श पंचायतों का उदाहरण बनेंगी।

## विवाहिता से युवक महिनों से करता रहा दुराचार, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र की एक विवाहिता के मुताबिक उसका पति बाहर रोजी रोटी के सिलसिले में रहता है ।वह बच्चों के साथ अपने बुजुर्ग ससुर के साथ घर पर रहती है। विवाहिता का आरोप है कि कुछ माह पूर्व घर पर जब बच्चे और ससुर नहीं थे तभी एक युवक घर में घुसकर उसके साथ बलात्कार किया। विवाहिता का आरोप है कि युवक उसका वीडीओ बना लिया। वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुये जब मन करता उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बना लेता। विवाहिता का आरोप है कि पन्द्रह दिन पूर्व युवक जबरियन उसके घर में घुसकर पूर्व की भांति बलात्कार करने का प्रयास किया तो वह इंकार कर दी। जिसपर उसे मारा पीटा और और जान से मारने की धमकी देते हुए वीडीयो वायरल करने की धमकी देकर भाग गया। विवाहिता ने सारी बातें परिजनों को बताई गुरुवार को पीड़िता को लेकर परिजन थाने आए और आपबीती सुनाई। पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर रूपेश कुमार यादव पुत्र राकेश कुमार यादव निवासी ग्राम घीनपुर महमदपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। समाचार लिखे जाने तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई थी।

# स्वदेशी से आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ता नया भारत : डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय

- कांग्रेस के समय करप्शन और आयात निर्भरता, मोदी युग में मेक इन इंडिया व आत्मनिर्भरता का संकल्प
- जनमत से जुड़कर प्रबुद्ध समाज बनाएगा सशक्त भारत : डॉ. पांडेय

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान- प्रोफेशनल सम्मेलन यमुनापार में मुख्य अतिथि एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने कहा कि कांग्रेस शासन में भारत ह्यसोने की चिड़ियाह्व होते हुए भी केवल सत्ता की चकाचौंध और चावलझ्रचीनीझ्रचाय के निर्यात तक सीमित रहा। विदेशों से आयात में करप्शन की संभावनाएँ बढ़ाई गईं। वहीं अटल बिहारी वाजपेयी ने 24 दलों के साथ मिलकर स्वदेशी को प्रोत्साहित किया और पोखरण परमाणु परीक्षण से भारत को गति दी।

उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह को कभी जनादेश नहीं मिला, फिर भी वे दस वर्षों तक सरकार चलाते रहे- यह लोकतंत्र का सबसे बड़ा मजाक था। अब जब जनता ने मजबूत वैचारिक सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में देश को दी, तब से स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत का अभियान अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ा है।

डॉ. पांडेय ने कहा कि भारत आज विश्व में खादी उत्पादन में शीर्ष पर है, और ह्लमेक इन इंडियाह्व की अवधारणा ने देश को नई दिशा दी है। मोदी सरकार ने 230 करोड़ वैक्सीन निःशुल्क घर-घर पहुंचाकर न केवल भारतवासियों बल्कि विश्व को भी वैक्सीन उपलब्ध कराई। उन्होंने कहा कि ह्लजब प्रधानमंत्री मोदी ने वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित किया, तो भारत ने पीपी किट तक का निर्यात शुरू किया- यही आत्मनिर्भर भारत का सार है ह्व

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने प्रयागराज के प्रबुद्ध समाज से अपील करते हुए कहा कि जनमत को जोड़कर देश की विध्वंसकारी शक्तियों से बचाने की जिम्मेदारी अधिवक्ता एवं प्रबुद्ध वर्ग की है। उन्होंने कहा कि अमेरिका जैसे देशों को भारत की मजबूती और प्रगति रास नहीं आती, लेकिन भारत को कोई तोड़ नहीं सकता। हमारे पास संस्कार, संकल्प और स्वदेशी का बल है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं स्वागत भाषण भाजपा यमुनापार जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल ने किया। कार्यक्रम को मुख्य स्थाई अधिवक्ता एस.पी. गौड़, पूर्व अपर महाधिवक्ता व इलाहाबाद लोकसभा प्रत्याशी रहें नीरज त्रिपाठी, करछना विधायक पियूष रंजन निषाद आदि ने भी सम्बोधित किया।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी ने बताया बताया की पूर्व केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय सहित अन्य अतिथियों ने पं.दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पार्चन करते हुए दीप प्रज्वलित कर वंदेमातरम के साथ शुभारंभ व राष्ट्रगान के साथ समापन किया। संचालन पूर्व जिला महामंत्री अधिवक्ता ज्ञान नारायण कन्नौजिया ने किया तथा आभार संयोजक अधिवक्ता अनिल मिश्रा ने व्यक्त किया।

इस अवसर पर अधिवक्ता सुभाष तिवारी, पुरुषोत्तम मौर्य, आनंद तिवारी, पंकज शुक्ला, पंकज केसरी, भोलानाथ पांडेय, त्रिवेणी प्रसाद पांडेय, पुष्पराज सिंह पटेल व सतीश विश्वकर्मा सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। अधिवक्ताओं व प्रबुद्ध जनों ने कहा यह सम्मेलन आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जनझ्रजन तक पहुंचाने हेतु महत्वपूर्ण पहल है।

# महायज्ञ का उद्देश्य है समाज में सहयोग और संवेदना की भावना को सशक्त बनाना : रुचि तिवारी

**आगामी 18 दिसंबर को मेजा के जेवनिया गांव में आयोजित सेवा महायज्ञ कार्यक्रम में शिवसेना की प्रदेश सचिव ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री को बतौर मुख्य अतिथि दिया न्यौता**

**अखंड भारत संदेश**



महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री को आमंत्रण पत्र देती शिवसेना प्रदेश सचिव रुचि तिवारी

**मेजा।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एवं शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे माह दिसंबर में प्रयागराज आएंगे और मेजा के जेवनिया गांव में आयोजित सेवा महायज्ञ में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। शिवसेना की प्रदेश सचिव रुचि अभिषेक तिवारी ने मुंबई में उपमुख्यमंत्री शिंदे से भेंट कर उन्हें इस सेवा आयोजन में आने का आमंत्रण दिया, जिसे उपमुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार कर लिया है। महाराष्ट्र में भेंट के दौरान श्री शिंदे ने कहा सेवा ही धर्म है और संवेदना ही शक्ति है। प्रयागराज की धरती पर जाकर मैं इस जनसेवा की परंपरा को नमन करूंगा। उन्होंने आगे कहा कि राजनीति से परे यह आयोजन समाज के उत्थान का सच्चा उदाहरण है। उल्लेखनीय है कि आगामी 18 दिसंबर को जेवनिया में होने वाले इस सेवा महायज्ञ का आयोजन दिव्यागोत्थान श्रीराम सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में किया जा रहा है। इस अवसर पर कंबल वितरण, देश का प्रमुख अस्पताल मेदांता ग्रुप द्वारा चिकित्सा शिविर और दिव्यांग सहायता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उपमुख्यमंत्री शिंदे इस सेवा-यज्ञ के साक्षी बनेंगे और प्रयागराज की मिट्टी पर मानवता का दीप प्रज्वलित करेंगे। उक्त जानकारी शिवसेना प्रदेश सचिव रुचि अभिषेक तिवारी ने बताया कि यह सेवा आयोजन पिछले 10 वर्षों से निरंतर चल रही परंपरा है, जिसका उद्देश्य समाज में सहयोग, संवेदना और सेवा की भावना को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री शिंदे जी का आशीर्वाद इस परंपरा को और प्रखर बनाएगा। जेवनिया की धरती पर इस बार सेवा और समर्पण का नया इतिहास रचा जाएगा। जेवनिया की पवित्र धरती इस बार मानवता और सेवा की महागाथा की साक्षी बनेगी। महाराष्ट्र से उठी जनसेवा की ज्योति अब प्रयागराज की मिट्टी में जलकर पूरे देश को सेवा और संवेदना का संदेश देगी।

# माघ मेला में भूमि पूजन के साथ शुरू हुआ बिजली विभाग का कार्य



**प्रयागराज।** संगम नगरी में माघ मेला 2026 की तैयारियों को लेकर बिजली विभाग ने गुरुवार से कार्य प्रारंभ कर दिया। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीवीवीएनएल ) के प्रबंध निदेशक शंभू कुमार की मौजूदगी में परेड ग्राउंड मैदान में भूमि पूजन के साथ बिजली आपूर्ति से जुड़े कार्यों का शुभारंभ हुआ। प्रयागराज जोन के मुख्य अभियंता प्रथम राजेश कुमार, मुख्य अभियंता द्वितीय अशोक कुमार, निदेशक (तकनीकी) जितेंद्र नलवाया, अधीक्षण आअभियंता आशीष सिंह, भरत सिंह और अधिशासी अभियंता सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। भूमि पूजन का कार्यक्रम पंडित आदित्य शर्मा, कार्तिकेय आदि ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सम्पन्न कराया। शुभारंभ के साथ ही मेला क्षेत्र में बिजली से जुड़े अस्थायी कार्यों को तेज कर दिया गया है। एमडी शंभू कुमार ने कहा कि भूमि पूजन के बाद अब कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है। सभी टेंडर पूरे हो चुके हैं। माघ मेला शुरू होने से पहले सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएंगे। इस बार भी महाकुम्भ की तरह दिव्य, भव्य और सुरक्षित माघ मेला होगा। श्रद्धालुओं को बिजली की कोई असुविधा नहीं होगी और सेफ्टी नियमों का पूर्ण पालन किया जाएगा।

# डेगुरपुर के बजाय परानीपुर घाट पर बनेगा पक्का पुल हंडिया और मेजा की दूरी होगी कम : प्रेम शंकर सिंह

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** गंगा के उस पार बसे लोगों का बरसों पुराना सपना अब जल्द ही हकीकत में बदलने जा रहा है। हंडिया के लाक्षागृह से मेजा के परानीपुर घाट तक,जहां बरसात में नाव ही सहारा बनती थी अब वहीं गंगा पर पक्का पुल बनेगा। पुल निर्माण कार्य के लिए राज्य सेतु निगम ने सर्वे पूरा कर लिया है। 1400 मीटर लंबे दो लेन के पुल की डीपीआर शासन को भेज दी गई है जिसकी अनुमानित लागत करीब 350 करोड़ रुपये है। उक्त जानकारी साझा करते हुए भाजपा नेता प्रेमशंकर सिंह कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने भदोही दौरे में इस पुल की घोषणा की थी और सरकार अब अपने वायदे को निभाने जा रही है।श्री सिंह के अनुसार पहले यह पुल डेगूरपुर घाट पर प्रस्तावित था,लेकिन ढाई किलोमीटर तक फैली भारी रेत और धारा की समस्या से लागत बढ़ रही थी जिसके कारण सेतु निगम ने नया सर्वे किया और परानीपुर घाट को सबसे उपयुक्त पाया है। सेतु निगम के परियोजना प्रबंधक रोहित कुमार मिश्र का कहना है कि शासन की मंजूरी मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। फिलहाल हर साल गंगा पर अस्थायी तीन पांटून पुल बनाए जाते हैं एक सिरसा बाजार के पास, दूसरा लकटहा में, और तीसरा टेलाझ्रमदरा घाट पर। हर साल इन पर करीब एक करोड़ रुपये का खर्च होता है। प्रेमशंकर सिंह ने कहा कि जब परानीपुर घाट पर यह पुल बनेगा तो हंडिया और मेजा का विकास तेजी से होगा।

# 09 स्थानों से हटाया गया अवैध अतिक्रमण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जनपद प्रयागराज के सभी तहसीलों में अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध जिलाधिकारी के नेतृत्व में अभियान चलाया जा रहा है। दिनांक 13.11.2025 को बंजर, खलिहान, नवीन परती, चकमार्ग, तालाबी रकबा, सभी भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध व्यापक अभियान के क्रम में जनपद के सभी तहसीलों में कार्यवाही करते हुए कुल 09 स्थानों से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। तहसील कोरांव के ग्राम खजुरीकला में नाली की भूमि, ग्राम बभनपट्टी में रास्ता की भूमि व ग्राम बेलवनिया व पथरताल में चकमार्ग की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया है। तहसील मेजा के ग्राम अखरी षाहपुर व ग्राम गौरा में चकमार्ग को अतिक्रमण मुक्त किया गया है। तहसील सोरांव के ग्राम हथिगहां में नवीन परती व तालाब खाते की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया है। तहसील हंडिया के ग्राम कसौधन उर्फ लाक्षागृह में रास्ता खाते की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया है।

जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा द्वारा सभी तहसील के उपजिलाधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अतिक्रमण सम्बन्धित शिकायतों पर अविलम्ब कार्यवाही किया जाय, दूसरी ओर जिलाधिकारी प्रयागराज ने सभी उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्देशित किया है कि तहसील स्थित सरकारी भूमि/ग्राम सभा की भूमि का नवीन सर्वे करवायें तथा इसके आधार पर अतिक्रमण की श्रेणियों का निर्धारण करें तथा अतिक्रमण के विरूद्ध तद्नुसार कार्यवाही करें। अब तक इस अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आये तथा आने वाले दिनों में अतिक्रमण के विरूद्ध अभियान निरन्तर जारी रहेगा।

# सरकारी स्कूल में घुसकर प्रधान और गुर्गों ने शिक्षक से किया गाली गलौज मारपीट, कागजात भी फाड़े

**पीड़ित शिक्षक पंकज कुमार दुबे ने मेजा कोतवाली में लिखित तहरीर देकर लगाई कार्यवाही की गुहार**

**अखंड भारत संदेश**



शिक्षक संघ के अध्यक्ष मनीष तिवारी की अगुवाई में आक्रोश जताते शिक्षकगण

**मेजा।** विकास खंड मेजा के प्राथमिक विद्यालय संजैला नेवढ़िया में कथित प्रधान और उसके गुर्गों द्वारा शिक्षकों के साथ गाली गलौज एवं मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित शिक्षक पंकज कुमार दूबे ने मेजा थाने में लिखित तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त स्कूल में तैनात शिक्षक पंकज दुबे ने मेजा पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान अजय कुमार बिंद और उनके साथी संदीप बिंद, जयप्रकाश बिंद के अलावा कुछ अन्य लोगों ने विद्यालय में घुसकर अभद्रता, गाली-गलौज व मारपीट की। शिक्षक ने यह भी बताया कि प्रधान पैसे की मांग कर रहे थे, इंकार करने पर उक्त लोगों द्वारा जान से मारने की धमकी भी दी गई। तहरीर और शिक्षक के अनुसार घटना के दौरान प्रधान पक्ष के लोगों ने विद्यालय के जरूरी अभिलेख भी फाड़े, इस दौरान प्रधान का भाई राजकुमार बिंद भी पहुंचा और वह पत्थर फेंका जिससे विद्यालय के अन्य शिक्षक और बच्चे भयभीत हो गए। गौरतलब है कि शिक्षक की तहरीर पर कोतवाली मेजा पुलिस तत्काल हरकत में आ गई और सहायक पुलिस आयुक्त मेजा एसपी उपाध्याय सहित बीडीओ मेजा व खंड शिक्षाधिकारी आनन फानन मौके पर पहुंच गए और पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटे हुए हैं।

# अधिवक्ता सुरक्षा विधेयक की मांग को लेकर संसद भवन के सामने प्रदर्शन करेगा रूरल बार

## प्रयागराज में वकीलों की सुरक्षा के मुददे पर हुआ विरोध प्रदर्शन, हस्ताक्षर अभियान में झलका उत्साह

**अखंड भारत संदेश**



प्रयागराज में सदर तहसील के सामने सुरक्षा विधेयक को लेकर प्रदर्शन करते अधिवक्ता

**प्रयागराज।** अधिवक्ता सुरक्षा विधेयक की मांग को लेकर गुरूवार को यहां डीएम कार्यालय से सटे सदर तहसील गेट के सामने वकीलों ने विधेयक के समर्थन में राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ला तथा राष्ट्रीय महामंत्री अनिल तिवारी महेश की अगुवाई में आवाज बुलंद किया। आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने प्रयागराज में कलेक्टेज्ट व दीवानी परिसर, सदर तहसील तथा हाईकोर्ट कैम्पस में साथी अधिवक्ताओं से मुलाकात कर उन्हें विधेयक का मसौदा समझाया। वहीं उन्होने विधेयक की मांग को लेकर आगामी पहली दिसंबर से शुरू होने वाले संसद सत्र के दौरान नई दिल्ली स्थित संसद भवन के सामने तगड़े विरोध प्रदर्शन का भी ऐलान किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि प्रयागराज, प्रतापगढ़ जिले समेत प्रदेश व देश के कई हिस्सो मे रोज अधिवक्ताओ पर प्राणघातक हमले हो रहे है। उन्होने यूपी बार कौंसिल के आसन्न चुनाव में अधिवक्ताओ से विधेयक के समर्थन में आवाज उठाने वाले अधिवक्ताओ को प्रतिनिधि बनाने पर जोर दिया। राष्ट्रीय महासचिव अनिल तिवारी महेश ने बताया कि प्रदेश भर मे जिला मुख्यालय एवं तहसील मुख्यालयो पर अधिवक्ताओं से सघन संपर्क के जरिए अधिवक्ता सुरक्षा कानून की मुहिम को तेज किया जाएगा। अनिल तिवारी महेश ने बार कौंसिल के चैदह नंवबर से होने वाले चुनाव को लेकर यह भी मांग उठाई है कि नामांकन वापसी के दिन तक प्रत्येक दशा में अधिवक्ताओं का सीओपी निर्गत किया जाना चाहिए। अध्यक्षता मण्डल इकाई अध्यक्ष संजय ओझा व संचालन प्रदेश प्रभारी विकास मिश्र ने किया। विरोध प्रदर्शन का संयोजन प्रदेश उपाध्यक्ष अम्बुज कुमार शुक्ला व जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व महामंत्री लोकेश सिंह ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता रत्नेश शुक्ला, पीयूष कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ अधिवक्ता ह्रदय नारायण पाण्डेय, अंकित सिंह, अनुपम पाण्डेय, ध्रुव द्विवेदी, अभय सिंह, धीरेन्द्र त्रिपाठी, नीरज पाण्डेय, संतोष श्रीवास्तव, शैलेन्द्र सिंह, अवनीश त्रिपाठी, पंकज मिश्र आदि रहे।

## न्यूज झरोखा

### युवक के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

**प्रतापगढ़।** युवक के गायब होने की घटना को लेकर पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के कटरा पूरे सेवकराय, रामपुर बावली निवासी हरिकेश विश्वकर्मा पुत्र बड़ेलाल विश्वकर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पचीस अक्टूबर को उसका भाई बीस वर्षीय दिलीप पड़ोस के जौदहा मेले पर गया था। उसके घर न लौटने पर परेशान परिजन खोजबीन करने लगे। परिजनो के काफी खोजबीन के बाद भी गायब युवक का कहीं पता नही चला। परेशान पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### विविध कार्यक्रमों में आज शामिल होंगी विधायक आराधना मिश्रा मोना

**लालगंज।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना आज शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर विधानसभा क्षेत्र रामपुरखास आयेंगी। विधायक आराधना मिश्रा मोना दोपहर साढ़े तीन बजे लालगंज नगर स्थित राम अंजोर मिश्र इण्टर कालेज में युवा कल्याण विभाग एवं प्रा0वि0द0 प्रतापगढ़ के तत्वाधान में आयोजित युवा खेलकूद प्रतियोगिता के कार्यक्रम में शामिल होंगी। इसके पूर्व विधायक आराधना मिश्रा पूर्वान्ह साढ़े ग्यारह बजे पनखरी स्थित आरजी यादव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के वार्षिकोत्सव में शामिल होंगी। वह दोपहर एक बजे कटरा पुरवारा में रामेश्वर कामता प्रसाद पटेल इण्टर कालेज में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में भी शामिल होंगी। इसके बाद अपरान्ह ढ़ाई बजे केशवपुर में रमाकांत मिश्र एवं विशालमूर्ति मिश्र के संयोजन में चल रही श्रीमदभागवत कथा में शामिल होंगी। विधायक मोना बनवारी में स्व0 रामकृष्ण ओझा के आवास पहुंचकर परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करेंगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

### एक को किया जिला बदर एवं 03 व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त

**प्रतापगढ़।** जिन व्यक्तियों के आस-पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नहीं करता है। ऐसे 01 व्यक्ति थाना लीलापुर ग्राम पुतईपुर सरबाजपुर के सोनू पाल पुत्र सुपाल पाल को जिला मजिस्ट्रेट शिव सहाय अवस्थी ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा-3(3) के तहत जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है। इसके अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने जनपद प्रतापगढ़ के शस्त्र लाइसेंसी जो आपराधिक क्रिया-कलाप में लिप्त होने एवं शस्त्र अनुज्ञा-पत्र की शर्तो का उल्लंघन करने के दोषी पाये गये 03 व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस को निरस्त कर दिया है। जिला मजिस्ट्रेट ने थाना महेशगंज ग्राम पूरे किशुनी के अरूण कुमार सिंह पुत्र गया बक्श सिंह के शस्त्र एन0पी0 बोर रायफल व ग्राम महेवा मलकिया के राम किशोर मिश्र पुत्र राम सुमेर के शस्त्र एस0बी0बी0एल0 तथा थाना कन्धई ग्राम कन्धई मधुपुर के उमेश कुमार सिंह पुत्र मान सिंह के शस्त्र एन0पी0बोर रिवाल्वर/ पिस्टल को निरस्त कर दिया है।

### खेत का मेड़ तोड़ने पर छह लोगों पर केस दर्ज

**बेलखरनाथ धाम।** कुछ लोगों द्वारा जबरन खेत का मेड़ तोड़कर अपने खेत में मिला लिया गया। विरोध करने पर आरोपित हमलावर हो गए।इस मामले में एसपी के निर्देश पर दिलीपपुर पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के मरुआन निवासी राम नारायण का कहना है कि उनके पड़ोसी से जमीन संबंधी विवाद चल रहा है।जिसमें अधिकारियों के निर्देश पर राजस्व कर्मियों ने जमीन की नाप कर हिस्सा अलग कर दिया। बावजूद इसके बीते 18 अक्टूबर 2025 को पड़ोसियों ने उसके खेत का मेड़ काटकर अपने खेत में मिला लिया। अरविंद ने विरोध किया तो आरोपितों ने उसके ऊपर लाठी डंडे से हमला बोल दिया। एसपी के निर्देश पर बुधवार देर शाम दिलीपपुर पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।एसओ दिलीपपुर अंकुर कैथवास ने बताया कि रामनारायण की तहरीर पर पडोस के रवीन्द्र कुमार यादव,धीरज कुमार,नीरज कुमार, आशा देवी सहित आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# उर्वरक वितरण में लापरवाही बर्दाशत नहीं, अनियमितता पर होगी कार्रवाई : सीडीओ

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने विकास भवन में जनपद की सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को वितरित किए जा रहे उर्वरकों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में सहकारिता के अधिकारियों के अतिरिक्त उर्वरक वितरण प्रणाली हेतु नामित निरीक्षणकर्ता अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान सीडीओ ने निर्देश दिए गए कि निरीक्षणकर्ता अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि समितियों पर उपलब्ध उर्वरक का स्टॉक पीओएस मशीन पर 100 प्रतिशत अंकित रहे तथा किसानों को निर्धारित दर एवं नियमानुसार ही उर्वरक का वितरण किया जाए। किसी भी किसान को उर्वरक का वितरण पीओएस मशीन पर अंकित किए बिना न किया जाए। किसान का आधार संख्या पीओएस मशीन पर लगते ही उपलब्ध स्टॉक के अनुसार नियमानुसार उर्वरक का वितरण कराया जाए। उर्वरक वितरण के दौरान समिति में स्टॉक भंडारण एवं वितरण की प्रविष्टियाँ सही रूप से दर्ज हों। किसानों को उनकी पर्ची में दर्ज किए गए नाम में किसी प्रकार की त्रुटि न हो। इस संबंध में समिति कर्मियों को नियमानुसार तथा शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान यह भी निर्देश दिया गया कि जिन समिति सचिवों के पास तीन से चार वर्षों से एक ही स्थान पर कार्य करने के कारण शिकायतों की संख्या अधिक है, उन्हें आवश्यकतानुसार अन्य समितियों में स्थानांतरित किया जाए ताकि उर्वरक का सुचारु रूप से वितरण सुनिश्चित किया जा सके तथा किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो। समितियों पर उर्वरक स्टॉक उपलब्धता पूर्ण रूप से पारदर्शी रहे। निरीक्षणकर्ता अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि समिति पर आने वाले प्रत्येक किसान को उसकी आवश्यकतानुसार उर्वरक उपलब्ध हो और कोई भी किसान परेशान न हो। यदि कहीं पर उर्वरक उपलब्धता, वितरण या स्टॉक प्रविष्टि में अनियमितता पाई जाए, तो इसके संबंध में तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए और आख्या उपलब्ध कराई जाए।

# सब पे किरपा कै होया, तो हमरो बेड़ा पार किहा...

## कवि गोष्ठी ने गूंजे भावनाओं और देशभक्ति के स्वर, चंद्रभान सिंह सेवा समित द्वारा आयोजित हुआ कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** स्वर्गीय चंद्रभान सिंह सेवा समिति के तत्वाधान में नगर के बाबागंज स्थित एक होटल में अवधी सम्राट आचार्य अनीश देहाती की अध्यक्षता में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जनपद व आस-पास के जिलों के कवि एवं कवत्रियों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजित कवि गोष्ठी में कवियों ने अपनी रसभरी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ साहित्यकार सत्येंद्र सिंह सौम्य द्वारा सरस्वती वंदना से की गई। इसके उपरांत कवयित्री कल्पना तिवारी ने मनमोहक प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। तदुपरांत कवि डॉ. अनुज नागेन्द्र आज की नई पीढ़ी की मानसिकता पर व्यंग्य करते हुए पढ़ा, ह्नन जाने क्यों नई पीढ़ी कुछ ऐसा सोचती है अब, उतरना भी न हो पानी में कृ और तैराक हो जाएंह्व

जौनपुर के मशहूर शायर निर्मल नदीम ने पढ़ा, ह्नजान से जाने को तैयार नहीं होना था, इश्क करना था, वफादार नहीं होना था।ह्व वरिष्ठ गीतकार सत्येन्द्र सिंह सौम्य ने माँ को समर्पित गीत पढ़ा, माँ से बढ़कर नहीं कोई हितकारी है। माँ का रिश्ता सब रिश्तों पर भारी है। गोष्ठी का संचालन कर रहे कौशांबी के कवि सुजीत जायसवाल जीत ने भी माँ को याद करके अपनी कविता से सबको भावुक कर दिया। व्यंग्यकार राजेश प्रताप गढ़ी ने पढ़ा, ह्नई लाशों को दफनाने की खातिर गड़े मुर्दे उखाड़े जा रहे हैं३ह्व से समाज को सोचने पर मजबूर कर दिया । गजलकार चंद्रकांत त्रिपाठी ह्यशाश्वत ने अपनी दिल छू लेने वाली गजल पेश करते हुए पढ़ा, ह्नकौन है अपना, कौन पराया, किसको अब मैं यार कहूँ,दोनों रूप समाए तुझ में, तुझको कैसे प्यार कहूँ।ह्व शायर खुर्शीद अंबर ने अपनी रचना ह्नअपने दिल पर रखकर पत्थर जाता है, जो भी तेरे पास से उठकर जाता है।ह्व पढ़ कर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। अध्यक्षता कर रहे आचार्य अनीश देहाती ने भगवान राम को समर्पित अपनी अवधी कविता पढ़ा, ह्नसब पे किरपा कै होया, तो हमरो बेड़ा पार किहा।ह्वसे कार्यक्रम को ऊँचाई प्रदान की। उन्होंने अपने मुक्तकों और भगवद्गीता के छन्दों के माध्यम से काव्य की आध्यात्मिक गहराई को भी छुआ।कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अनुज नागेन्द्र ने किया। अंत में चंद्रभान सिंह सेवा समिति के अध्यक्ष इंजीनियर शैलेन्द्र सिंह ने उपस्थित कवियों एवं पत्रकारों को स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया और सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खेल कूद के साथ ही संस्कृति को बढ़ावा देते हुए सामाजिक सद्भाव स्थापित करना करना ही समिति का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में समिति के माध्यम से समाजिक क्षेत्र में विविध कार्यक्रम के आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ पत्रकार रमेश तिवारी,मनोज तिवारी,अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी कर्मराज सिंह ह्यमनजीतह्न, बृजेश सिंह बब्बू , विनोद सिंह, बृजेश तिवारी, विनोद माली, रूद्र पाण्डेय सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी मौजूदगी रही।

# लघु सिंचाई विभाग की संचालित योजनाओं का उठाये लाभ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सहायक अभियन्ता (लघु सिंचाई) विक्रमाजीत ने बताया है लघु सिंचाई विभाग द्वारा मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना उथले नलकूप, मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना मध्यम गहरी बोरिंग, मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना गहरी बोरिंग व मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत-ट्राली माउन्टेड 02 एचपी सोलर पम्पसेट स्थापना योजना तथा मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत पूर्व निर्मित नलकूपों पर 3एचपीध्5एचपीध्7.5एचपी सोलर पम्पसेट स्थापना संचालित की जा रही है। उन्होने मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना उथले नलकूप के सम्बन्ध में बताया है कि लघु एवं सीमान्त सामान्यध्अनुसूचित जाति लाभार्थियों को निजी लघु सिंचाई साधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभाग द्वारा उथले बोरिंग का कार्य कराया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत 30.00 मीटर गहराई तक की 110 एम0एम0 (4इंच) व्यास की बोरिंगध्नलकूप निर्मित किये जाने का प्राविधान है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में किसान सेवा पोर्टल पर पंजीकृत कृषक पात्र हैं एवं प्रधानमंत्री कुसुम योजना में पंजीकृत कृषकों को योजना में प्राथमिकता दी जाती है। मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना मध्यम गहरी बोरिंग के सम्बन्ध में बताया है कि मध्यम गहरे नलकूप योजनान्तर्गत समस्त श्रेणी के कृषकों को 31 से 60 मीटर की गहराई तक की (7इंच) व्यास की बोरिंग का निर्माण कराकर कृषकों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना गहरी बोरिंग के सम्बन्ध में बताया है कि गहरे नलकूप योजनान्तर्गत समस्त श्रेणी के कृषकों को 61 से 90 मीटर की गहराई तक की (8इंच) बोरिंग का निर्माण कराकर कृषकों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। बोरिंग हेतु विभाग से प्राप्त सामग्री की ढुलाई व गड्ढा की खुदाई, पानी भराई का कार्य कृषकों द्वारा स्वयं कराना होगा। योजना हेतु विभागीय पोर्टल पर आनलाइन आवेदन करना होगा। यह कार्य अनुदान के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत-ट्राली माउन्टेड 02 एचपी सोलर पम्पसेट स्थापना के सम्बन्ध में बताया है कि चेकडैमध्तालाबों पर भूस्तरीय सिंचाई सुविधा के रूप में ट्राली माउन्टेड 02 एचपी के सोलर पम्पसेट (ए0सी0/डी0सी0) स्थापना का कार्य अनुदान के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत पूर्व निर्मित नलकूपों पर 3एचपी/ 5एचपी/7.5 एचपी सोलर पम्पसेट स्थापना हेतु इस वित्तीय वर्ष में पूर्व निर्मित उथले नलकूप, मध्यम गहरे नलकूप, गहरे नलकूप पर 3एचपी/ 5एचपी/ 7.5एचपी सोलर पम्पसेट स्थापना का कार्य अनुदान के माध्यम से उपलब्ध कराया जाना है।

# अलग-अलग सड़क हादसे में दो घायल, मेडिकल कॉलेज रेफर




**पट्टी।** सड़क दुर्घटनाओं में अलग-अलग जगह सड़क पर गिरकर दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को 108 एंबुलेंस से सीएचसी भेजा गया। गंभीर हालत के चलते घायलों को जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

कंधई थाना क्षेत्र के चादुआपट्टी गांव निवासी शुभम पाठक पुत्र पंकज पाठक बुधवार की देर शाम बंधवा बाजार गया हुआ था। वहां से वापस आते समय अभी वह हरिपुर बरदैता मोड के पास पहुंचा था कि अचानक बाइक का संतुलन खो बैठा जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे 108 एम्बुलेंस बुलाकर घायल को अस्पताल भेजा, जहां से उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज हेतु मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं दूसरी घटना पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बिबियापुर औराईन गांव निवासी मनोज कुमार वर्मा (25) निमंत्रण से वापस आ रहे थे कि दो बाइकों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें मनोज सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सीएचसी पट्टी भेजा गया। उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। दोनों घायलों का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है।

# देवर ने भाभी को पीटा घायल, मुकदमा दर्ज

**बेलखरनाथ धाम।** घरेलू विवाद के चलते देवर ने भाभी को मारपीट कर घायल कर दिया।पीड़िता की तहरीर पर दिलीपपुर पुलिस ने देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

दिलीपपुर थाना क्षेत्र के नजियापुर निवासिनी चंदादेवी का कहना है कि उसका पति रोजी-रोटी के सिलसिले में दिल्ली शहर में रहता है,बीते मंगलवार रात लगभग आठ बजे उसका देवर इंद्रेश कुमार नशे में उसके पास पहुंचा और उसके साथ गाली गलौज करने लगा मना करने पर देवर ने उसके ऊपर हमला कर मारपीट कर घायल कर दिया । हल्ला गुहार पर जब आस पास के लोग दौड़े तो आरोपित फरार हो गया।चंदादेवी की तहरीर पर दिलीपपुर पुलिस ने गुरुवार सुबह देवर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। एसओ दिलीपपुर अंकुर कैथवास ने बताया कि भाभी की तहरीर पर देवर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा के मित्रता की कथा सुन श्रद्धालु हुए भावविभोर



**प्रतापगढ़।** विकासखण्ड लक्ष्मणपुर अर्न्तगत कोठार मंगोलपुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम दिवस पर गुरूवार को कथाव्यास ओमानंद जी ने सुदामा चरित्र व परीक्षित मोक्ष की कथा विस्तार से सुनाई। भागवत कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर दिखे। मुख्य आयोजक डा0 हरिश्चंद्र के संयोजन में चल रही कथा में कथाव्यास ओमानन्द जी महराज ने श्रीकृष्ण सुदामा मित्रता की कथा सुनाते हुए कहा कि इनकी सच्ची मित्रता निःस्वार्थ प्रेम और भक्ति का मजबूत संदेश दिया करती है। कथाव्यास ओमानंद जी महराज ने कहा कि पत्नी के कहने पर सुदामा अपने बालसखा भगवान श्रीकृष्ण से मिलने द्वारिका पहुंचे। मित्र सुदामा के आने का संदेश सुनकर भगवान श्रीकृष्ण नंगे पांव दौड़ पड़े। कथाव्यास ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण जी ने अपने महल में बालसखा सुदामा का आवभगत किया और सुदामा द्वारा लाये गये दो मुट्ठी चावल को खाकर बदले में उन्हें दो लोक प्रदान कर दिया। कथाव्यास ओमानंद जी महराज ने राजा परीक्षित के मोक्ष की कथा को सुनाते हुए कहा कि भागवत कथा श्रवण से मनुष्य के लिए मोक्ष का मार्ग प्रशस्त हुआ करता है। आयोजक डा0 हरिश्चंद्र शुक्ल व सरोज शुक्ला ने वैदिक मंत्रोचार के बीच व्यासपीठ का पूजन किया। आयोजन समिति के विशम्भरनाथ शुक्ल, प्रतीक शुक्ल ने महाप्रसाद वितरण कराया। इस मौके पर उमेश शुक्ल, रमेशचंद्र तिवारी, समाजसेवी संजय शुक्ल, डा0 राजेन्द्र शुक्ल, अजब नारायण शुक्ल, शिवमूर्ति शुक्ल, रविशंकर, राजकुमार, राकेश, शीतला प्रसाद, अनिल शुक्ल आदि मौजूद रहे।

# आगजनी व धमकी का आरोप, दी तहरीर

**प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश में आगजनी व जानलेवा धमकी के आरोप को लेकर पीड़ित ने गांव के ही कुछ आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के बछवल गांव निवासी मुस्लिम पुत्र अजीज मोहम्मद ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बारह नंवबर को दोपहर करीब बारह बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही कुछ लोग उसके दरवाजे पर आ धमके। आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए उसके मड़हे में आग लगा दी और जानलेवा धमकी दी। आगजनी से सामान जल गये व बगल स्थित पौधे भी झुलस गये। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# रूरल बार के प्रदेश अध्यक्ष के स्वास्थ्य लाभ को लेकर अधिवक्ताओं ने किया हवन पूजन



**प्रतापगढ़।** जिले के अधिवक्ताओं ने गुरूवार को आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के प्रदेश अध्यक्ष एवं एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी के मीडिया प्रभारी मुक्तेश्वरनाथ ओझा मुक्कू के स्वास्थ्य लाभ की कामना को लेकर हवन पूजन किया। हवन पूजन में शामिल साथियों ने अधिवक्ता मुक्कू ओझा के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ को लेकर सामूहिक प्रार्थना भी की। हवन पूजन का संयोजन रूरल बार के जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा व जूनियर बार एसोसिएसन के पूर्व महामंत्री जेपी मिश्र ने किया। इधर एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं राष्ट्रीय महासचिव अनिल तिवारी महेश तथा प्रदेश प्रभारी विकास मिश्र ने प्रयागराज के शांती विलास हास्पिटल पहुंचकर वरिष्ठ अधिवक्ता मुक्कू ओझा के स्वास्थ्य लाभ की जानकारी ली। इस मौके पर उपाध्यक्ष शक्ति सिंह, आशीष श्रीवास्तव, सचिंद्र सिंह, दीपक उपाध्याय, शिवम सिंह, विवेक शुक्ला, आलोक सिंह, लालता प्रसाद मिश्र, लहरी हरिशंकर पुरी, प्रणव त्रिपाठी, अभिषेक त्रिपाठी, उत्तम सिंह, जितेंद्र सिंह भोले, विजयकांत मिश्रा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# ईरिक्शा की टक्कर में चालक चुटहिल

**प्रतापगढ़।** ईरिक्शा की आपस में हुई टक्कर से एक चालक चुटहिल हो गया। लीलापुर थाना क्षेत्र के मुल्तानीपुर गांव निवासी किशन ईरिक्शा लेकर प्रतापगढ़ से लालगंज की ओर आ रहा था। रास्ते में लखपेड़ा बाग के समीप चालक के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे से आ रहे दूसरे ईरिक्शा से टक्कर हो गयी। जिससे दूसरे ईरिक्शा के चालक घरौरा निवासी तौहीद मामूली रूप से चुटहिल हो गया। सूचना पर पहुंची लीलापुर पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि दोनों ईरिक्शा को कब्जे में लेकर थाने लाया गया है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# उद्यान विभाग में कृषकों को निःशुल्क सब्जी बीज का वितरण



**प्रतापगढ़।** उद्यान विभाग कैम्पस परिसर में निदेशालय से नामित कम्पनियों द्वारा मेला लगाया गया, जहाँ पर एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना एवं औद्यानिक विकास योजना (एस0सी0पी0) राज्य सेक्टर वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत कृषकों को सब्जी बीज का निःशुल्क वितरण किया गया, जिसमें लगभग 90 कृषकों द्वारा स्वेच्छा से कम्पनी का चयन कर सब्जी बीज (लौकी, तरोई, टमाटर, पातगोभी, फूलगोभी, खीरा) प्राप्त किया गया। जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने कृषकों को सब्जी बीज का वितरण किया। इस अवसर पर निःशुल्क सब्जी बीज प्राप्त कर कृषकों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

# बाइक सवारों को ट्रक ने रौंदा, एक की मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा हाइवे में देशी शराब ठेका के सामने ट्रक ने बाइक सवारों को रौंद दिया जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई वहीं दूसरा युवक गंभीर घायल हो गया। घटनाक्रम के मुताबिक राजकुमार 35 वर्ष पुत्र संभल और राजन पुत्र खेलावन निवासी वार्ड नंबर 7 बहुआ बाइक से अझुवा किसी काम से आए थे।देशी ठेका के सामने हाइवे पर गाड़ी खड़ी कर बात कर रहे थे तभी कानपुर की तरफ से प्रयागराज की ओर जा रहे अनियंत्रित ट्रक वाहन ने कुचल दिया। बाइक को ट्रक में कुछ दूर तक घसीट ले गया इस घटना में राजन उम्र लगभग 28 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई वहीं राजकुमार गंभीर घायल हो गया दुर्घटना से देशी शराब ठेका के सामने लोगों का मजमा लग गया सूचना पर पहुंची अझुवा चौकी प्रभारी अंशुमान मिश्रा ने भाग रहे ट्रक वाहन को सरकारी जीप से पीछा कर रसूल पुर मार्ग के सामने हाइवे में कस्टडी में लिया है।ड्राइवर फरार हो गया,पुलिस ने एंबुलेंस से घायल युवक को अस्पताल भेज कर शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुट गई है वहीं मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि राजन दीपावली पर मुंबई से आया था राजन 4 भाइयों मे चौथे नंबर का अविवाहित भाई था मौत से पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा है प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया दोनों युवक देशी ठेका से शराब का सेवन कर घर जा रहे थे तभी हादसा हुआ है।

**भाग रहे ट्रक वाहन को पुलिस ने पीछा कर हाइवे में कस्टडी में लिया चालक फरार**



# उप-मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र में हर घर जल योजना का सूखा

**कड़ा कौशाम्बी।** केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर जल योजना कौशाम्बी जिले विशेष रूप से उप-मुख्यमंत्री और भाजपा जिला अध्यक्ष के गृह क्षेत्र सिराथू तहसील में दम तोड़ती दिखाई दे रही है करोड़ों के टेंडर और निर्धारित समय-सीमा बीतने के बावजूद हकीकत यह है कि दर्जनों गांवों में या तो पाइपलाइन बिछकर सूखी पड़ी हैं या फिर ग्रामीणों को बूंद-बूंद पानी के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है सिराथू तहसील क्षेत्र के कई गांव जहां कभी खारे पानी की समस्या से युवाओं की शादियां तक रुकने की खबरें थीं वहां नल से जल का सपना अभी भी दूर की कौड़ी बना हुआ है स्थानीय लोगों के अनुसार योजना के तहत गांवों में पाइप लाइनें तो बिछा दी गई हैं लेकिन उनमें पानी का दर्शन दुर्लभ है जिन गांवों में जल आपूर्ति शुरू भी हुई है वहां ग्रामीण शिकायत करते हैं कि जुम्मा-जुम्मा यानी कभी-कभार ही पानी आता है वह भी बूंद-बूंद और फिर महीनों के लिए आंख से ओझल हो जाता है लाइन तो डाल दी गई है मगर नल में पानी नहीं आता कभी-कभार अगर आता भी है तो इतना कम कि एक बाल्टी भरना भी मुश्किल हो जाता है ग्रामीणों को आज भी दूर से पानी लाना पड़ता है एक ग्रामीण का बयान सरकार ने इस योजना को धरातल पर उतारने के लिए मुंबई की जेएमसी और नई दिल्ली की बाबा एजेंसी जैसी बड़ी प्राइवेट कंपनियों को लगभग 700 करोड़ का टेंडर दिया था जानकारी के अनुसार जिले के 441 गांवों में यह सुविधा वर्ष 2024 तक पूरी होनी थी जल निगम को इन कार्यों की निगरानी का जिम्मा सौंपा गया था हालांकि समय सीमा नजदीक आने और कई जगह काम शुरू होने के दावों के बावजूद जमीनी स्तर पर स्थिति विपरीत है करोड़ों की लागत से बनी परियोजना की धीमी रफ्तार और अनियमित आपूर्ति से सरकारी दावों पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं डिप्टी सीएम के पैतृक क्षेत्र में भी पानी की किल्लत यह दर्शाती है कि योजना का क्रियान्वयन कितना लचर रहा है खारे पानी की समस्या से जूझ रहे गनपा शहजादपुर जांगीराबाद दिलावलपुर थूलगुला ग्राम सभा जैसे गांवों में भी जहाँ जल जीवन मिशन से बड़ी उम्मीदें थीं लोगों को आज भी दो किलोमीटर दूर से पीने का पानी लाना पड़ रहा है ग्रामीणों का कहना है कि सरकार ने बड़ी उम्मीदें जगाई थीं लेकिन कंपनियों की मनमानी और विभागीय अनदेखी के कारण यह महत्वपूर्ण योजना पेपर से पाइपलाइन तक तो पहुंची पर नल तक नहीं।

## न्यूज झरोखा

### सीईआईआर पोर्टल पर उत्कृष्ट कार्य हेतु जनपद कौशाम्बी को प्रदेश में मिला प्रथम स्थान

**पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम को 15,000 रुपए का कैश रिवार्ड प्रदान किया गया**



**कौशाम्बी।** जिले के विभिन्न थानों पर मोबाइल चोरी, स्नेचिंग व मोबाइल खोने आदि की प्राप्त शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए लगातार मोबाइल फोन को ट्रेस कर उनकी रिकवरी किए जाने से प्रदेश में जनपद कौशाम्बी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा सम्बन्धित टीम को उत्साहवर्धन हेतु प्रशस्ति पत्र व 15,000 रू0 कैश रिवार्ड प्रदान किया गया। अवगत कराना हैं। कि सी ई आई आर (सेन्ट्रल इक्वीपमेंट आईडेंटीटी रजिस्टर) पोर्टल एक केन्द्रीकृत सिटीजन पोर्टल है, जिसकी सहायता से चोरी हुए, खोए हुये अथवा छीने गये मोबाइल फोन को ट्रैक किया जा सकता है । आम जनता द्वारा स्वयं ही अपने मोबाइल खोने, चोरी होने आदि की सूचना ऑनलाइन सी ई आई आर की वेवसाइट पर दर्ज की जा सकती है । इसी प्रकार मोबाइल चोरी व खो जाने के सम्बन्ध में थानों पर प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों को उएक्रश पोर्टल पर दर्ज कर ट्रैक किया जाता है । इस प्रकार पूरे भारत वर्ष में कहीं भी मौजूद मोबाइल फोन को आवश्यकता अनुसार सम्बन्धित थानों को सूचित करते हुये बरामद करके मोबाइल स्वामी को सुपुर्द किया जाता हैं।

### नीति आयोग की 12 सदस्यई टीम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज का किया निरीक्षण




**हरराय पुर कौशांबी।** नीति आयोग की टीम द्वारा गठित 12 सदस्यई टीम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा ओपीडी लेबर रूम आईपीडी प्रयोगशाला डॉट सेंटर आदि का बारीकी से मुआयना किया उपस्थित लाभार्थियों तीमारदारों एवं मरीज से वास्तविक स्थिति की जानकारी ली भ्रमण के दौरान 150 के करीब लाभार्थी उपस्थित रहे लेबर रूम में एक प्रसूता महिला से चर्चा की सरकार द्वारा दी जा रही हैं सेवाओं का नीति आयोग की टीम ने मूल्यांकन किया भ्रमण के दौरान इकाई के प्रभारी डॉक्टर कमलेश कुमार डॉक्टर आदित्य रावत राजेंद्र सिंह फार्मासिस्ट ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक आदि लोग मौजूद रहे बेहतर सुविधा मरीज को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने हेतु प्रभारी को निर्देशित किया गया।

# ट्रेन के आगे कूदकर युवती ने कर ली आत्महत्या

अखंड भारत संदेश

**हररायपुर कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के सैयद सरावा रेलवे लाइन के पास गुरुवार की दोपहर को एक युवती ने ट्रेन के सामने कूद करके आत्महत्या कर लिया है युवती के आत्महत्या करने की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया घटना स्थल पर तमाम लोग पहुंच गए मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई जानकारी मिलने के बाद मौके पर थाना पुलिस पहुंची और युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना की जानकारी मिलने के बाद रोते बिलखते परिवार के लोग भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के फरीदपुर सुलेम गांव निवासी सोनी देवी उम्र लगभग 30 वर्ष पत्नी विनोद कुमार का परिवार में किसी बात को लेकर विवाद होता था गुरुवार की दोपहर सोनी देवी हावड़ा दिल्ली रेल लाइन के सैयद सरावा रेलवे स्टेशन के पास पहुंची और ट्रेन के सामने उसने छ्लांग लगा दिया जिससे युवती की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई है जानकारी मिलते ही आसपास के सैकड़ो लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस को दी युवती की शिनाख्त करने के बाद पुलिस ने मामले की सूचना परिवार के लोगों को दी मृतक युवती के चार बच्चे हैं जो दहाड़ मार कर रो रहे हैं मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है युवती ने आत्महत्या क्यों किया है यह खुलासा नहीं हो सका है।

**मृतक युवती के चार बच्चे हैं जो दहाड़ मार कर रो रहे हैं**



# दिल्ली कार ब्लास्ट में मारे गए शहीदों को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष गौरव पांडे ने दिल्ली में हुए बम धमाके पर कहां कि आप सभी को अवगत कराना है कि विगत दिनों राजधानी नई दिल्ली में हुए कार ब्लास्ट की घटना में भारत वासियों के दिल को झकझोर कर रख दिया है ऐसी घटना की जितनी भी निंदा की जाए वह काम है।

दिल्ली में कार ब्लास्ट से प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाए जाने एवं इस घटना में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए चरवा के शहीद चंद्रमणि स्थल पर कैंडल मार्च जलाकर श्रद्धांजलि दिया गया इस मौके पर जिला अध्यक्ष गौरव पांडे ने कहा इस तरह की घटना की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट मानना है कि इस प्रकार के कर्तव्य को अंजाम देने वाले असामाजिक तत्वों को कठोर से कठोर सजा दी जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटना ना हो !दिल्ली जैसे राजधानी इलाके में इस तरह की घटना बहुत ही निंदनीय है। सभी शहीद परिवारों को एवं घायल व्यक्तियों के प्रति कांग्रेस की संवेदना है। इस मौके पर पूर्व प्रदेश सचिव राम बहादुर त्रिपाठी ने कहा कि देश में जो हो रहा है वह बहुत ही दुखद है जिस प्रकार से दिल्ली में कार ब्लास्ट हुआ और उसमें शहीद कई परिवार अपने परिवारजन को खो दिए है !भगवान सभी घायलों को जल्द से जल्द स्वस्थ करें इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष उदय यादव ने कहा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह को शर्म आनी चाहिए इतनी बड़ी घटना दिल्ली के लाल किले के पास हुई है !जिसकी कांग्रेस पार्टी कड़े शब्दों में निंदा करती हैं देश के गृहमंत्री को इस्तीफा देना चाहिए !इस मौके पर किसान जिला अध्यक्ष समर कोइलाहा ने सभी शहीद परिवारों को कैंडल जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया एवं अल्लाह पाक से दुआ की है कि घायल व्यक्ति जल्द से जल्द स्वस्थ हो और अपने परिवार के बीच में उपस्थित हो इस मौके पर महासचिव सुरेंद्र शुक्ला,श्याम सिंह भदौरिया, नूरूत जमा,गुलजारी लाल केशरवानी अनिल केशरवानी किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव फुजैल अहमद,नगर अध्यक्ष चरवा निक्की पाण्डेय सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय,सोनू केशरवानी, जिला सचिव हेमन्त रावत, राम प्रकाश पंडा, शुभेंद्र यादव महेंद्र कुमार मिश्रा, धीरज शुक्ला, मनोज शुक्ला, छोटू केशरवानी, राकेश पाल, बड़का पासी, समर सरोज, कल्लू पासी, नंदन पासी, विनय यादव, पवन विश्वकर्मा, दिलीप गौतम, पंकज पटेल, विकास पासी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

**जिला अध्यक्ष ने कहा कि कार ब्लास्ट की घटना को अंजाम देने वाले असामाजिक तत्वों को कठोर से कठोर सजा दी जाए**

**कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कार ब्लास्ट की घटना के बाद गृह मंत्री अमित शाह को दे देना चाहिए इस्तीफा**




### भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में एक दिवसीय मुफ्त दंत स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन



**भरवारी कौशांबी।** भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी में गुरुवार को चेरियो प्लस के सहयोग से एक दिवसीय दंत स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 180 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य बलाय्या गंगाराबोयिना ने किया शिविर का नेतृत्व डॉ.नेहा जायसवाल एवं डॉक्टर सौरभ सिंह ने किया। उनके साथ उनकी टीम ने बच्चों को दांतों की सही सफाई और ब्रश करने की विधि के बारे में जानकारी दी। इस दौरान छात्रों के दांतों की जांच भी की गई। शिविर में बच्चों को मुफ्त दंत स्वास्थ्य किट भी वितरित किए गए।निदेशक संदीप सक्सेना ने स्कूल में छात्रों के स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए डॉक्टरों की पूरी टीम की सराहना करते हुए खुशी व्यक्त किया।कार्यक्रम में उप-प्रधानाचार्य सुधाकर सिंह, स्कूल कोऑर्डिनेटर मोहम्मद नसीम और अन्य शिक्षक भी उपस्थित थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने चेरियो प्लस के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जो छात्रों के स्वास्थ्य से जुड़ी हैं उनको भी आयोजित करने की उम्मीद जताते हुए डॉ नेहा जायसवाल तथा उनकी टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# नियमानुसार पारदर्शी तरीके से किसानों से धान क्रय किया जाए : डीएम

अखंड भारत संदेश

**जिलाधिकारी ने धान क्रय केन्द्र नवीन मण्डी अझुवा का किया आकस्मिक निरीक्षण**



**अझुवा कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने गुरुवार को धान क्रय केन्द्र नवीन मण्डी,अझुवा का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने आकस्मिक निरीक्षण के दौरान केन्द्र प्रभारी प्रदीप कुमार पाण्डेय से केन्द्र पर धान के आवक, तौल, भण्डारण, बारदाना, उठान एवं किसानों को भुगतान की स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि नियमानुसार पारदर्शी तरीके से किसानों से धान क्रय किया जाय। उन्होंने कहा कि केन्द्र पर किसानों के बैठने के लिए समुचित व्यवस्था व पेयजल आदि आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित बनाये रखी जाय तथा यह सुनिश्चित किया जाय कि किसी भी किसान को किसी प्रकार की कोई असुविधा न होने पाये।जिलाधिकारी ने धान क्रय रजिस्टर सहित आदि रजिस्टरों के अवलोकन के दौरान कुछ किसानों को निर्धारित समयावधि में भुगतान न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि निर्धारित समयावधि में किसानों को भुगतान सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने दिनांक 06 नवम्बर को क्रय केन्द्र बन्द पाये जाने पर केन्द्र प्रभारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने एवं मण्डी सचिव के अनुपास्थित पाये जाने पर एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने केन्द्र प्रभारी से कहा कि प्रतिदिन धान क्रय केन्द्र खुलें रहें तथा धान का उठान भी कराया जाय। उन्होंने मौके पर उपस्थित किसानों से पूँछा कि धान के बिक्रय में किसी प्रकार की समस्या तो नहीं आ रही, जिस पर किसानों ने बताया कि किसी प्रकार की समस्या नहीं है।निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रबुद्ध सिंह उपस्थित रहे।

# बालिका भगाने वाला बाल अपचारी लिया गया पुलिस अभिरक्षा में

**कौशांबी।** थाना कौशाम्बी क्षेत्र की एक बालिका को 8 अगस्त 2025 को भगा ले जाने वाले बाल अपचारी को पुलिस ने अपने अभिरक्षा में लिया है 05.08.2025 को बालिका घर से खेत जाने के बहाने निकल गयी थी फिर तब से वापस नही आयी,काफी खोजबीन करने के बाद भी नहीं मिली थाना कौशाम्बी पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम मे थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित बाल अपचारी को चम्पहा नौहाई मोड़ के पास से नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लिया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात बाल अपचारी को न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड भेजा गया।



# जल-जीवन मिशन के कार्यों के प्रगति की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने कार्यालय कक्ष में जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहें कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान 309 ओवर हेड टैंक लक्ष्य के सापेक्ष अभी तक 201 ओवर हेड टैंक ही बनाये जाने व 353 ट्यूबबेल के सापेक्ष 345 ट्यूबबेल ही बनाये जाने एवं 216411 लक्ष्य के सापेक्ष अभी तक 190805 ही गृह संयोजन प्रदान किए जाने पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए अधिशासी अभियंता, जल निगम से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने एजेन्सी जे.एम.सी. एवं बाबा जी.ए.इन्फ्रा को ओवर हेड टैंक, ट्यूबबेल, पाइप लाइन बिछाने, गृह संयोजन एवं जलापूर्ति आदि कार्यों में तेजी से प्रगति लाने के निर्देश देते हुए कहा कि अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने एजेन्सियों से कहा कि पाइप लाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़कों को मानक के अनुसार शीघ्र ठीक करा दिया जाय। उन्हांने अधिशासी अभियंता, जल निगम को एजेन्सियों द्वारा किए जा रहें कार्यों की नियमित अनुश्रवण कर प्रगति सुनिश्चित कराने के निर्देश देते हुए कहा कि ठीक प्रकार से कार्य न करने वाले एजेन्सी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाय।

### प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए : एसपी



**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार द्वारा गुरुवार को पुलिस कार्यालय में आम जनमानस की समस्याओं के निस्तारण हेतु जनसुनवाई की गई।इस दौरान फरियादियों द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्रों को ध्यानपूर्वक सुना गया एवं संबंधित प्रभारियों को त्वरित व निष्पक्ष कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए ताकि जनता को राहत मिल सके तथा पुलिस पर आमजन का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो।

### गांव में गंदगी का लगा अंबार, घर बैठे वेतन ले रहा सफाईकर्मी



**अझुवा कौशाम्बी** स्वच्छ भारत अभियान के तहत प्रत्येक गांव में समुचित ढंग से साफ सफाई हो इसके लिए सरकार भरपूर कोशिश कर रही है संचारी रोग अभियान के तहत लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है जिससे संक्रामक रोगों से बचाव हो सके लेकिन इसके बावजूद सिराथू ब्लॉक के अधिकांश गांव में सफाई व्यवस्था चरमरा रही है सफाई कर्मी घर बैठकर वेतन ले रहे हैं जिन पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो रही है। सिराथू ब्लॉक के ग्राम पंचायत रघुनाथपुर में सफाई कर्मी के ना आने से विद्यालय सहित गांव की गलियों में कूड़े का अंबार लगा हुआ है नालियों में वर्षों का सिल्ट जमा हुआ है। रघुनाथ पुर ग्राम पंचायत में बृजमोहन नमक सफाई कर्मी की ड्यूटी लगी हुई है ग्रामीणों के अनुसार सफाई कर्मी घर बैठकर वेतन ले रहा है।ब्लॉक कर्मियों से मिलीभगत कर हफ्ते में एक दिन दिहाड़ी मजदूरी कर गलियों और नालियों की सफाई करवाता है आज गुरुवार एक दिहाड़ी मजदूर नाली सफाई कर रहा था मौके पर पहुंचे कुछ ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर उससे बातचीत की तो दिहाड़ी मजदूर ने बताया उसे आज 400 रुपए देकर नाली और सफाई के लिए बृजमोहन नमक सफाई कर्मी ने भेजा है। ग्रामीणों ने दिहाड़ी मजदूर का वीडियो बनाकर वायरल करते हुए सफाईकर्मी बृजमोहन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# पराली जलाने वाले 16 किसानों पर जुर्माना 03 कम्बाइन हार्वेस्टर किए गये सीज

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि पराली जलाने से प्रदूषित हो रहे पर्यावरण को बचाने के लिए शासन द्वारा प्राप्त निदेर्शानुसार सैटेलाइट से मिली रिपोर्ट के अनुसार 16 किसानों को जद में लेते हुए 60 हजार रुपए जुमार्ना लगाया गया है। कृषि, राजस्व, पंचायतीराज एवं पशुपालन आदि विभाग के अधिकारियों के साथ पराली जलाने की घटनाओं को लेकर गहन समीक्षा की जा रही है। प्रत्येक विकास खण्ड स्तर, तहसील स्तर से लेकर जनपद स्तर पर टीम गठित की गयी है। पराली जलाने की घटनाओं पर सतत निगरानी रखी जा रहीं हैं और सैटेलाइट से भी निगरानी की जा रही है। जनपद के समस्त किसानों से अपील की गयी है कि पराली न जलायें, पराली को गोशालाओं में दान करें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी तथा जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देश दिए गये हैं कि ग्राम प्रधानों के माध्यम से पराली गोशालाओं में संरक्षित कराया जाय। जनपद के समस्त कम्बाइन हार्वेस्टर स्वामियों को निर्देश दिए गये हैं कि मशीन के साथ सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम (एस.एम.एस.) लगाकर ही कटाई करें, अन्यथा मशीन सीज कर दी जाएगी तथा जुमार्ना भी लगाया जाएगा। साथ ही दो एकड़ से कम भूमि वाले कृषक के लिए रू0-2500, दो एकड़ से अधिक पाँच एकड़ से कम भूमि वाले कृषक पर रू0-5000, पाँच एकड़ से अधिक भूमि वाले कृषक पर रू0-15000 प्रति घटना जुमार्ना के मानक तय किए गये हैं। साथ ही यदि कृषक द्वारा पराली जलायी जाती है तो सम्बन्धित कृषक की पीवएमव किसान सम्मान निधि रोक दी जाएगी एवं सरकारी क्रय केन्द्र पर धान क्रय नहीं किया जाएगा।

# पत्रकारों का उत्पीड़न नहीं किया जाएगा बर्दाश्त : राष्ट्रीय अध्यक्ष

**कौशांबी।** भारतीय पत्रकार संघ की एक बैठक जनपद मुख्यालय मंझनपुर में गुरुवार की दोपहर संघ के जिला अध्यक्ष सुबोध केसरवानी की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश द्विवेदी मुख्य अतिथि और राष्ट्रीय सह संयोजक सुशील केसरवानी भी मौजूद रहे पत्रकारिता के गिरते स्तर पर बैठक में पत्रकारों ने चिंता व्यक्त की बैठक में पत्रकारों ने बताया कि बीते कई महीनो से पत्रकारों का लगातार उत्पीड़न हो रहा है खबर लिखने के बाद पत्रकारों पर फर्जी मुकदमे दर्ज कराए जा रहे हैं पत्रकारों की निष्पक्ष खबर रोकने के लिए पत्रकारों को प्रताड़ित और परेशान किया जा रहा है जिस पर पत्रकारों ने गहरी चिंता व्यक्त की है और पत्रकार हित के लिए आर पार लड़ाई लड़ने का ऐलान किया है पत्रकारों ने कहा कि पत्रकारिता के गिरते स्तर के चलते पत्रकारों का उत्पीड़न तेजी से बढ़ा है जो बड़ी चिंता का विषय है उपस्थित पत्रकारों ने एक सुर से कहा कि पत्रकारिता के स्तर को सुधारना होगा इस मौके पर भारतीय पत्रकार संघ के पत्रकारों का सदस्यता अभियान भी चला और नई कार्यकारिणी का गठन भी हुआ है। बैठक में मौजूद पत्रकारों को संबोधित करते हुए भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुख्य अतिथि उमेश द्विवेदी ने कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा कलम की आवाज दबाने वाले पत्रकारों पर फर्जी मुकदमा लिखने वाले और पत्रकारों का शोषण करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा और पत्रकार हित के लिए आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश द्विवेदी ने पत्रकारों को सलाह दिया है कि वह निष्पक्ष तरीके से खबर की सच्चाई जानने के बाद सत्य खबर का प्रकाशन करें किसी प्रकार की द्वेष भावना से प्रेरित होकर गलत खबर का प्रकाशन पत्रकार ना करें उन्होंने कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यदि पत्रकारों का उत्पीड़न हुआ तो भारतीय पत्रकार संघ पत्रकारों के समर्थन में हमेशा खड़ा दिखाई पड़ेगा पत्रकारों के मान सम्मान के लिए कलम से लेकर सड़क तक लड़ाई लड़ी जाएगी इस बैठक में वरिष्ठ पत्रकार सुशील केसरवानी सुबोध केसरवानी समसुल हसन बृजेंद्र केसरवानी राजकुमार गणेश साहू बृजेश कुमार केसरवानी उत्तम मिश्रा अनिल कुमार रामप्रसाद गुप्ता संजीव कुमार चौरसिया पुष्पेंद्र कुमार नेता तिवारी सुशील कुमार मिश्रा उर्फ बबलू रजनीश तिवारी मनोज कुमार मिश्रा शैलेंद्र कुमार मिश्रा नारायण देव तिवारी महेंद्र मिश्रा अनिल वर्मा महेंद्र शुक्ला सुनील कुमार केशरवानी अजीत कुमार कुशवाहा विष्णु सोनी सुशील कुमार यादव उर्फ मोनू अजीत कुमार दुबे सहित भारी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

**पत्रकारों के गिरते स्तर के चलते हो रहे पत्रकारों के उत्पीड़न पर व्यक्त की गई चिंता, भारतीय पत्रकार संघ पत्रकारों के समर्थन में हमेशा खड़ा दिखाई पड़ेगा पत्रकारों के मान सम्मान के लिए कलम से लेकर सड़क तक लड़ाई लड़ी जाएगी**



### पुलिस द्वारा हेलमेट पहनाकर सुरक्षित यातायात हेतु किया गया प्रेरित

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह तथा क्षेत्राधिकारी मंझनपुर शिवांक सिंह के पर्यवेक्षण में दिनांक 13.11.2025 को थाना करारी पुलिस द्वारा कस्बा करारी अंतर्गत करारी इंटर कॉलेज के पास यातायात नियमों के पालन हेतु वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान नियम विरुद्ध चलने वाले वाहनों की जांच की गई तथा कमजोर वर्ग के वाहन चालकों को,जो बिना हेलमेट के पाए गए, उन्हें हेलमेट पहनाकर सुरक्षित यातायात हेतु प्रेरित किया गया एवं आवश्यक हिदायत दी गई कि वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन अवश्य करें। इस अभियान का उद्देश्य जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात अनुशासन को सुदृढ़ बनाना है।

## सम्पादकीय

### देश में धमाका, मोदी जन्मदिन के जश्न में

**सोमवार** को दिल्ली के व्यस्ततम इलाकों में से एक लालकिले के पास एक कार बम धमाका हुआ, जिसमें कम से कम 13 लोगों की जान चली गई। हालांकि डर है कि हताहतों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि शाम के समय लालकिला मेट्रो के पास हजारों लोगों की आवाजाही रहती है और विस्फोट वहीं हुआ है। बहरहाल, पुलवामा, पहलगाम जैसे आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली कार विस्फोट के लिए जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। गौर करने वाली बात ये है कि प्रधानमंत्री ने ये दावा भारत से नहीं पड़ोसी देश भूटान की जमीन से किया है। मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी की भूटान यात्रा पहले से तय थी। हालांकि यहां जीवन-मरण के कठिन सवाल जैसी कोई स्थिति नहीं थी कि ये यात्रा टाली नहीं जा सकती थी। लेकिन प्रधानमंत्री की प्राथमिकताएं क्या हैं, यह देश आज तक समझ ही नहीं पाया है।

पुलवामा हुआ तब प्रधानमंत्री जिम कार्बेट के जंगलों में शूटिंग कर रहे थे, पहलगाम हुआ तब वे सऊदी अरब में अपना स्वागत करवा रहे थे। हालांकि दौरा बीच में छोड़कर श्री मोदी लौटे थे, लेकिन तुरंत कश्मीर नहीं गए थे। मणिपुर तो वे करीब ढाई साल बाद गए और अब जबकि दिल्ली में धमाका हुआ और प्रधानमंत्री दिल्ली में ही थे, तो वे अगली सुबह भूटान चले गए। वहां जाकर अब वे पीड़ितों को न्याय देने की बात कर रहे हैं और ये भी कह रहे हैं कि बहुत भारी मन से यहां आया हूं और पीड़ितों का दुख समझता हूं, आदि, आदि। लेकिन इतना ही मन भारी था तो दौरा रद्द कर देते। बता दें कि भूटान के चौथे राजा जिग्मे सिंग्मे वांगचुक के 70वें जन्मदिन समारोह में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री गए हुए हैं। इस दौरान वे ग्लोबल पीस प्रेयर यानी विश्वशांति के लिए प्रार्थना समारोह का भी हिस्सा बनेंगे। ऐसी ही परिस्थितियों के लिए क्रूर हास्य जैसे शब्द रचे गए हैं कि देश आतंकवाद से पीड़ित है और प्रधानमंत्री विदेश जाकर विश्वशांति की प्रार्थना कर रहे हैं। हालांकि सरकार का कहना है कि दोनों देशों के बीच ऊर्जा साझेदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से श्री मोदी भूटान गए हैं। प्रधानमंत्री वहां पुनात्सांगचू-दो जलविद्युत परियोजना का उद्घाटन करेंगे, इसे भारत-भूटान ऊर्जा साझेदारी का अहम पड़ाव माना जा रहा है। जानकारी के लिए बता दें कि इसी साल सितम्बर में ही गौतम अडानी की कंपनी अडानी पावर और भूटान की बिजली बनाने वाली सरकारी कंपनी ड्रुक ग्रीन पावर ने 570 मेगावाट की वांगचू जलविद्युत परियोजना पर समझौता किया है, जिसमें लगभग 6000 करोड़ रुपये का निवेश हो रहा है। अब पुनात्सांगचू और वांगचू परियोजनाओं का आपस में कोई संबंध है या नहीं, इस बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं है। यह महज संयोग हो सकता है कि अडानी समूह के बाद अब भारत सरकार भी भूटान में ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश कर रही है। हालांकि जब सरकार में हरेक विभाग के लिए मंत्रालय हैं और ऊर्जा मंत्री भी विद्यमान हैं, तो वे भी इस समझौते के लिए जा सकते थे। देश की आपदा में प्रधानमंत्री यहीं रुककर हालात का जायजा लेते तो बेहतर था।

# नियुक्ति ही नहीं, मुक्ति देने वाली शिक्षा की जरूरत

-ललित गर्ग-




**हर** वर्ष 11 नवंबर को हम राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाते हैं। यह दिन केवल औपचारिक उत्सव का नहीं बल्कि आत्ममंथन का अवसर है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि शिक्षा केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने का माध्यम नहीं बल्कि राष्ट्र के चरित्र, संस्कृति और सृजनशीलता का आधार है। यह दिवस स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की स्मृति में मनाया जाता है, जिन्होंने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय एकता का सबसे सशक्त माध्यम माना। वे न केवल एक प्रखर राष्ट्रनायक थे बल्कि एक दूरदर्शी विचारक भी थे जिन्होंने कहा था कि ह्लशिक्षा वह शेरनी है, जिसके दूध को पीने के लिए साहस चाहिए।ह्व मौलाना आजाद का मानना था कि भारत की शिक्षा पद्धति ऐसी हो जो हर वर्ग, हर समुदाय, हर व्यक्ति को अवसर दे। उन्होंने प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक सबके लिए समान अवसर की बात कही। उनका सपना था कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम न रहकर जीवन को दिशा देने वाली प्रक्रिया बने। आज जब हम उनके विचारों की ओर देखते हैं तो यह महसूस होता है कि हमारी शिक्षा प्रणाली ने तकनीकी रूप से प्रगति की है, लेकिन मानवीय दृष्टि और मूल्य शिक्षा में कमी आई है। हमारी शिक्षा शांतिप्रिय, अहिंसक एवं सर्वांगीण विकसित बनाने की बजाय हिंसक, बीमार एवं अशांत बना रही है। आज भारत की शिक्षा व्यवस्था में अनेक विसंगतियां हैं। शिक्षा आज ज्ञान की जगह अंक और प्रमाणपत्र की होड़ बन चुकी है। विद्यार्थी रट्टा मारने की मशीन बनते जा रहे हैं, सोचने और सृजन करने की क्षमता कुंठित हो रही है। शिक्षा में नैतिकता, सह-अस्तित्व, करुणा और अहिंसा जैसे मूल्य गौण हो गए हैं। समाज में शिक्षक की प्रतिष्ठा घटती जा रही है, वे अब प्रेरणा के स्रोत की बजाय ह्लसिलेबस पूरा करनेह्व वाले कर्मचारी बनते जा रहे हैं। शहरी और ग्रामीण शिक्षा में गहरी असमानता है, शहरों में अत्याधुनिक विद्यालय हैं तो गाँवों में अब भी शिक्षा सुविधाओं का अभाव है। देश में लाखों एकल शिक्षक विद्यालय है। डिग्रियाँ बढ़ रही हैं पर रोजगार घट रहे हैं, शिक्षा और जीवन की आवश्यकताओं में असंतुलन बढ़ता जा रहा है। इन विसंगतियों को दूर करना ही राष्ट्रीय शिक्षा दिवस की वास्तविक सार्थकता है। आज का विद्यार्थी बचपन से ही एक ऐसी अंधी एवं प्रतिस्पर्धी दौड़ में धकेल दिया जाता है, जिसमें लक्ष्य अंक, ग्रेड, और रैंक बन गए हैं-ज्ञान, संवेदना और चरित्र नहीं। स्कूल अब शिक्षालय नहीं, बल्कि परीक्षा-केंद्र यानी गलाकाट प्रतियोगिता के केन्द्र बन चुके हैं। माता-पिता, शिक्षक और समाज-सभी ने मिलकर एक ऐसा माहौल बना दिया है, जहाँ ह्लसफलताह्व का अर्थ केवल डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस या उच्च वेतन वाली नौकरी तक सीमित हो गया है। शिक्षा अब व्यक्ति के भीतर के मनुष्यत्व, रचनात्मकता और संवेदना को विकसित करने का माध्यम नहीं रही, बल्कि उसने जीवन को ह्लप्रदर्शन की प्रतियोगिताह्व बना दिया है। छोटे बच्चों पर कोचिंग का बोझ, अभिभावकों की अपेक्षाएँ, और असफलता का भय?-ये तीन त्रिकोणीय दबाव उन्हें धीरे-धीरे मानसिक रूप से तोड़ देते हैं। शिक्षा अब एक बोझ और मानसिक तनाव का कारण बन गयी है। भारत की शिक्षा प्रणाली को लेकर समय-समय पर प्रश्न खड़े होते रहे हैं। शिक्षा की विसंगतियों एवं दबावों के चलते भी अनेक सवाल खड़े हैं। इन्हीं से जुड़ा यह एक बेहद हृदय विदारक और चिंताजनक तथ्य है कि एक वर्ष में लगभग 14,000 स्कूली बच्चों ने आत्महत्या कर ली। इस तथ्य की पुष्टि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ( एनसीआरबी ) भी कर रही है। अधिक घातक तथ्य यह है कि बीते एक दशक में छात्रों की आत्महत्या के मामलों में लगभग 65 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2019 की तुलना में यह संख्या 34 प्रतिशत अधिक है। यह केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि उन मासूम सपनों की समाधियाँ हैं जिन्हें हमारी शिक्षा प्रणाली ने दम तोड़ने पर विवश कर दिया। यह स्थिति राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाते हुए किसी एक स्कूल, राज्य या केन्द्रसरकार के लिये ही नहीं, बल्कि आमजन के लिये विमर्श का विषय बनना चाहिए। भारत की शिक्षा केवल बौद्धिक नहीं बल्कि समग्र विकास का माध्यम होनी चाहिए। प्राचीन भारत की गुरुकुल परंपरा में विद्यार्थी के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक विकास पर समान बल दिया जाता था। शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्राप्ति नहीं बल्कि आत्म-ज्ञान, आत्म-नियंत्रण और समाज सेवा की भावना जगाना होता था। आज फिर उसी संतुलित दृष्टि की आवश्यकता है। भावात्मक शिक्षा का अर्थ है संवेदनशीलता का विकास। एक विद्यार्थी जब दूसरे के दुःख को महसूस करना सीखता है तभी वह सच्चा नागरिक बनता है। मानसिक शिक्षा का अर्थ है एकाग्रता, अनुशासन और मानसिक दृढ़ता। यह वह शक्ति है जो व्यक्ति को संकटों में भी स्थिर रखती है। बौद्धिक शिक्षा तर्क, विवेक और सृजनशीलता का विकास करती है। शारीरिक शिक्षा स्वस्थ तन के बिना स्वस्थ मन संभव नहीं होने का बोध कराती है, योग, खेल और व्यायाम को शिक्षा का अभिन्न भाग बनाना चाहिए। शैक्षणिक शिक्षा में ज्ञान और व्यावसायिक दक्षता दोनों का समन्वय होना चाहिए ताकि विद्यार्थी जीवनोपयोगी कौशल प्राप्त कर सके। इन सभी पक्षों का समन्वय ही सम्पूर्ण शिक्षा पद्धति कहलाता है। भारत की शिक्षा पद्धति ऐसी होनी चाहिए जो परंपरा और आधुनिकता का संगम बने। गांधीजी ने कहा था कि ह्लशिक्षा का मतलब है शरीर, मन और आत्मा का समान विकास।ह्व यही भारत की शिक्षा की आत्मा है। हमारी शिक्षा जीवन-केंद्रित हो, केवल नौकरी-केंद्रित नहीं। वह मूल्य-आधारित हो ताकि समाज में नैतिकता और मानवता बनी रहे। उसमें स्थानीय और वैश्विक दृष्टि का संगम हो ताकि विद्यार्थी अपनी जड़ों से जुड़ा रहे पर विश्व की नवीनतम तकनीक से भी परिचित हो। उसमें अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहन मिले ताकि भारत ह्लज्ञान अर्थव्यवस्थाह्व का नेतृत्व कर सके। वह समानता और समावेशिता को आधार बनाए चाहे वह भाषा, लिंग या वर्ग के स्तर पर क्यों न हो। कोई भी शिक्षा प्रणाली उतनी ही सशक्त होती है जितना सशक्त उसका शिक्षक होता है। शिक्षक केवल पढ़ाने वाला नहीं बल्कि प्रेरक, निमार्ता और मार्गदर्शक होता है। आज आवश्यकता है कि शिक्षकों को उचित सम्मान, प्रशिक्षण और आत्मसंतोष मिले। मौलाना आजाद ने कहा था कि ह्लअच्छे शिक्षक ही राष्ट्र की आत्मा हैं।ह्व शिक्षक को तकनीकी दक्षता के साथ-साथ भावनात्मक और नैतिक दृष्टि से भी सशक्त बनाना होगा। भारत की नई शिक्षा नीति 2020 ने शिक्षा में कई सुधारों का मार्ग प्रशस्त किया है। 5$3$3$4 संरचना, मातृभाषा में शिक्षा, कौशल विकास और बहुविषयी अध्ययन जैसी अवधारणाएं स्वागतयोग्य हैं। लेकिन इन सुधारों का वास्तविक प्रभाव तभी पड़ेगा जब इन्हें जमीनी स्तर पर संवेदनशीलता और समर्पण से लागू किया जाए। भारत की शिक्षा का लक्ष्य केवल डिग्रियाँ बाँटना नहीं बल्कि विश्व को नैतिकता और आध्यात्मिकता की दिशा देना होना चाहिए। हमारे यहाँ शिक्षा का अर्थ रहा है- ह्लसा विद्या या विमुक्तयेह्व अर्थात जो मुक्ति दे वही सच्ची विद्या है। आज शिक्षा का अर्थ हो गया है- ह्लसा विद्या या नियुक्तयेह्व यानी जो नौकरी दे चही सच्ची शिक्षा है। भारत यदि अपनी शिक्षा में विज्ञान के साथ विवेक, तकनीक के साथ नैतिकता और प्रतिस्पर्धा के साथ करुणा को जोड़ दे तो वह विश्व का मार्गदर्शक बन सकता है। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस हमें यह याद दिलाता है कि शिक्षा केवल आर्थिक विकास का नहीं बल्कि संस्कृति, चरित्र और चेतना के निर्माण का माध्यम है। मौलाना आजाद के स्वप्न के अनुरूप यदि भारत की शिक्षा नीति में समानता, गुणवत्ता, मूल्य और आत्मा का समन्वय हो सके तो यह राष्ट्र फिर से ह्लविश्वगुरुह्व बनने की दिशा में अग्रसर हो सकता है। शिक्षा का लक्ष्य केवल यह नहीं कि हम क्या बनें बल्कि यह भी कि हम किसके लिए बनें। शिक्षा यदि मनुष्य को संवेदनशील, आत्मनिष्ठ और समाजोपयोगी बना दे तो वही मौलाना आजाद की सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# इतिहास में सिर्फ वोट कटुआ के नाम से ही जाने जाएंगे ओवैसी!

शकील अख्तर



**भारत** के मुस्लिम ने इसका हमेशा विरोध किया है। उसने अपना नेता जिन्ना को नहीं नेहरू को माना था। बीजेपी को अपने सांप्रदायिक नफरत का जहर फैलाने के लिए यह बात सबसे ज्यादा सूट करती है कि भारत का मुस्लिम अपने नेतृत्व के तौर पर सिर्फ मुस्लिम को ही स्वीकार करे। लेकिन भारतीय मुस्लिम ने यह कभी स्वीकार नहीं किया।

असदुद्दीन ओवैसी की कामयाबी बस इतिहास में इसी तरह दर्ज होगी कि वोट काटने के मामले में वे मायावती, केजरीवाल और प्रशांत किशोर से ऊपर थे। 11 नवंबर को बिहार में दूसरे दौर का मतदान होना है और यही फैसला करेगा कि बिहार में किसकी सरकार बनेगी। इसमें सीमांचल की वे 24 सीटें भी हैं जो मुस्लिम बहुल कहलाती हैं और जहां ओवैसी अपनी पूरी जी जान लगाए हुए हैं। मुस्लिम के वोट ज्यादा से ज्यादा काटकर बीजेपी को फायदा पहुंचाने के लिए।

पिछली बार 2020 में उनकी पार्टी एआईएमआईएम ने यहां से 5 सीटें जीतकर महागठबंधन की सरकार बनने में सबसे बड़ा रोड़ा अटकाया था। 14 प्रतिशत से ज्यादा मुस्लिम के वोट उन्हें मिले थे। जो जाहिर है सीधा महागठबंधन को नुकसान पहुंचाने वाले साबित हुए। वोट कटने के कारण 24 में आधी 12 सीटें एनडीए जीत गया था। जिनमें से 8 बीजेपी। महागठंबधन केवल 7 सीटों पर सिमट गया। और 5 ओवैसी ले गए।

चार जिलों किशनगंज, कटिहार, अररिया और पूर्णिया के इस इलाके को ही सीमांचल कहते हैं। यहां मुस्लिम आबादी करीब 45 प्रतिशत है। किशनगंज में सबसे ज्यादा 67 प्रतिशत। यहीं से कांग्रेस ने पत्रकार एमजे अकबर को चुनाव लड़वा कर लोकसभा पहुंचाया था। जो बाद में बीजेपी में चले गए। और अब वहां से भी बाकी मुस्लिम नेताओं मुख्तार अब्बास नकवी, शाहनवाज हुसैन, नजमा हेपतुल्ला की तरह साइड लाइन कर दिए गए हैं।

अब इनकी जगह बीजेपी ओवैसी को ले आई है। और अब चूंकि वह वाजपेयी के समय की तरह दुनिया दिखाने के लिए भी सब वर्गों की बात नहीं करती है तो इसलिए वह अंदर किसी मुस्लिम को लाकर वोट काटने की राजनीति के बदले बाहर से ओवैसी की तरह के लोगों से वोट कटवाती है। इस बार ओवैसी 25 सीटों पर बिहार में चुनाव लड़ रहे हैं। जिनमें से 15 सीटें सीमांचल की हैं। मुस्लिमों के जज्बाती सवाल उठाकर वे इस बार फिर 2020 की तरह एनडीए की सरकार बनवाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन इस बार एक बड़ा फर्क है। पिछली बार नीतीश मुख्यमंत्री बन गए थे। जिन्होंने काफी हद तक बिहार को उत्तर प्रदेश बनने से रोका हुआ था। मगर इस बार बीजेपी खुद अपना मुख्यमंत्री बनाना चाह रही है। नीतीश को अभी तक बीजेपी ने उस तरह मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित नहीं किया है जिस तरह महागठबंधन ने तेजस्वी को कर दिया है।

बिहार में बीजेपी का मुख्यमंत्री बनने का मतलब है बुलडोजर की एंट्री। और इस बुलडोजर राजनीति को लाने में सबसे बड़ा योगदान ओवैसी निभा रहे हैं। वे प्रधानमंत्री मोदी के कितने खास हैं वह इससे समझा जा सकता है कि अभी आपरेशन सिंदूर के बाद दुनिया में अपना पक्ष रखने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने जिन सांसदों को विदेश भेजा था उनमें ओवैसी प्रमुख थे।

देश का पक्ष रखना अच्छी बात है मगर सबको मालूम था कि मोदी वहां देश की नहीं अपनी छवि बनाने के लिए यह प्रतिनिधि मंडल भेज रहे हैं। नहीं तो उस पूरी विदेश यात्रा के दौरान भाजपा के एक सांसद निशिकांत दुबे वहां से रोज कैसे विपक्ष के खिलाफ एक बयान जारी करते थे। ट्वीट के माध्यम से। न सरकार और न विदेश गए ओवैसी या कांग्रेस के नेता सलमान खुर्शीद, मनीष तिवारी, आनंद शर्मा इसका विरोध करते थे कि भाई हम यहां देश का पक्ष रखने आए हैं या नेहरू, इन्दिरा का विरोध करने। और मजेदार बात यह कि अब वही बात प्रधानमंत्री मोदी ने भी कह दी। बिहार में चुनाव प्रचार करते हुए उन्होंने कहा कि आपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को हुए नुकसान पर यहां हमारे यहां विपक्ष मातम मना रहा था। मतलब ओवैसी जो विदेश में पाकिस्तान के खिलाफ बोल रहे थे वे यहां पर पाकिस्तान के साथ थे?

मोदी जी सबका उपयोग करने में माहिर हैं। अभी आडवानी के 98 साल पूरे होने पर उन्हें गुलदस्ता देने पहुंच गए थे। जहां फोटो में बेबस आडवानी नजर आ रहे हैं। गुजरात दंगों और उसके बाद के बाद आडवानी ही उनके सबसे बड़े समर्थक और रक्षक थे। मगर प्रधानमंत्री बनते ही उन्होंने सबसे पहले आडवानी को किनारे लगाया।

ओवैसी पर कोई ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स का छापा नहीं। बाकी विपक्ष के छोटे-छोटे नेता भी इनके प्रकोप से नहीं बचे। इसके बदले ओवैसी मोदी की हर चुनाव वाले राज्य में मदद कर रहे हैं। यूपी में लड़े ही थे। मध्य प्रदेश भी पहुंच गए थे। वे एक सबसे खतरनाक नारा उठा रहे हैं। अपनी कयादत का। मुस्लिम नेतृत्व का। मतलब मुस्लिम का नेता मुस्लिम ही होना चाहिए।

भारत के मुस्लिम ने इसका हमेशा विरोध किया है। उसने अपना नेता जिन्ना को नहीं नेहरू को माना था। बीजेपी को अपने सांप्रदायिक नफरत का जहर फैलाने के लिए यह बात सबसे ज्यादा सूट करती है कि भारत का मुस्लिम अपने नेतृत्व के तौर पर सिर्फ मुस्लिम को ही स्वीकार करे। लेकिन भारतीय मुस्लिम ने यह कभी स्वीकार नहीं किया। आजादी के आन्दोलन में उसके नेता गांधी और नेहरू थे। आजादी के बाद नेहरू, इन्दिरा, मुलायम सिंह यादव, लालू प्रसाद यादव, अर्जुन सिंह। बीच में उस समय तक जब तक हेमवतीनंदन बहुगुणा भाजपा से मिल नहीं गए थे वे मुस्लिमों के नेता रहे।

सिद्धांत के तौर पर ही यह गलत बात है कि किसी भी धर्म या जाति का नेतृत्व उसी के धर्म या जाति वाला करे। दलित आज मायावती के नेतृत्व में विश्वास करके यह दुःख झेल रहे हैं। पिछले 11 साल में उन पर जबर्दस्त अत्याचार बढ़े, सरकारी नौकरी नहीं निकाल कर उनका आरक्षण खत्म किया गया। और अब तो विश्वविद्यालय और दूसरे अच्छी पोस्टों पर नाट फाउंड सुटेबल ( एनएफएस) कहकर उनका अपमान भी किया जा रहा है। आप योग्य ही नहीं हो। सोशल मीडिया तो पूरा आरक्षण और आरक्षण प्राप्त वर्ग को गाली देने से भरा हुआ है। दलित यह समझने लगा है कि अपने नेतृत्व के नाम पर मायावती या पासवान जैसों को चुनकर उसने कुछ भी हासिल नहीं किया है। कांग्रेस के नेता चाहे किसी जाति धर्म के हों दलित के साथ मजबूती से खड़े होते थे। गांधी नेहरू परिवार तो हर कमजोर के साथ हमेशा मजबूती से खड़ा होता रहा है। आज उस पर भाजपा मुस्लिम समर्थक होने का आरोप लगाती है। पहले दलित समर्थक होने का लगाती थी। बहुगुणा की तरह बाबू जगजीवन राम भी बाद में बीजेपी (जनता पार्टी) के साथ चले गए मगर पहले भाजपा को कांग्रेस से सबसे बड़ी शिकायत यह थी कि उसने जगजीवन राम को बड़ा नेता बना दिया।

कयादत एक जज्बाती ख्वाब है जिससे मुस्लिम को कुछ हासिल नहीं होगा। हां भाजपा के ध्रुवीकरण में यह सबसे ज्यादा फायदा पहुंचाएगा। बिहार के बाद असम, बंगाल, केरल में विधानसभा चुनाव हैं। यह वे तीन राज्य हैं जहां मुस्लिम आबादी सबसे ज्यादा है। असम 34 प्रतिशत, बंगाल 27 प्रतिशत और केरल 26 प्रतिशत।

अगर बिहार में जहां मुस्लिम आबादी लगभग 18 फीसदी है वहां ओवैसी को जरा भी सफलता मिल गई तो वह इन तीनों राज्यों में अपनी कयादत का मुद्दा लेकर जाएंगे। और बीजेपी को मदद पहुंचाएंगे।

2020 के विधानसभा में महागठबंधन केवल 12 हजार वोटों से पीछे रह गया था। एनडीए और महागठबंधन दोनों को लगभग-लगभग 37 प्रतिशत वोट मिले थे। और सीटें भी केवल 12 एनडीए को ज्यादा मिली थीं। एनडीए 125 और महागठबंधन 110। और यह भी ध्यान रखें की 11 सीटों पर जीत-हार का अंतर हजार वोट से कम का था। और 52 सीटों पर पांच हजार से कम वोटों का।

## ग्राम विकास की रफ्तार तेज करने पर जोर ,सचिवों की समीक्षा बैठक में एडीओ पंचायत ने दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश



**गाजीपुर। जनपद** के मुहम्मदाबाद खण्ड विकास कार्यालय परिसर में आज गुरुवार को सचिवों की एक आवश्यक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता एडीओ (पंचायत) अशोक कुमार ने की। बैठक में क्षेत्र के सभी ग्राम सचिव उपस्थित रहे।बैठक के दौरान एडीओ (पंचायत) अशोक कुमार ने ग्राम पंचायतों में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने सचिवों से आर.आर.सी. केंद्र संचालन, सामुदायिक शौचालयों के क्लस्टरवार संचालन, फार्म रजिस्ट्री, पी.एस. मानदेय, केयरटेकर भुगतान, एम.एल.सी. ऑनलाइन आवेदन, आई.जी.आर.एस. निस्तारण, तथा सदस्यों के मानदेय भुगतान और चार्ज आदान-प्रदान से संबंधित प्रगति की जानकारी प्राप्त की।उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित कार्यों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर जनता तक पहुँच सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों तक सरकारी योजनाओं की जानकारी और पहुँच सुनिश्चित करना सचिवों की जिम्मेदारी है, जिससे हर पात्र लाभार्थी तक योजना का लाभ पहुँच सके।

एडीओ (पंचायत) ने यह भी कहा कि सभी सचिव अपने-अपने ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता, जवाबदेही और टीम भावना के साथ कार्य करें, तथा विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करें।बैठक के समापन पर उन्होंने उपस्थित सभी सचिवों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए विकास कार्यों को गति प्रदान करने का आह्वान किया।इस अवसर पर सभी सचिवगण एवं संबंधित विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एसडीएम ने किया करीमुद्दीनपुर गौशाला का निरीक्षण

## चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं और दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

अखंड भारत संदेश



**गाजीपुर। जनपद** के करीमुद्दीनपुर सर्किल अंतर्गत गुरुवार को उप जिलाधिकारी (एसडीएम) हर्षिता तिवारी ने अपने निरीक्षण अभियान के तहत करीमुद्दीनपुर स्थित गौशाला का औचक दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में स्वच्छता, पशुओं की देखभाल, चारे की उपलब्धता और ठंड से बचाव की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए गौशाला में पर्याप्त मात्रा में बिछावन, पानी, चारा और रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि पशुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।एसडीएम ने यह भी कहा कि गौशाला की साफ-सफाई और पशुओं के स्वास्थ्य की नियमित जांच अनिवार्य रूप से की जाए। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि समय-समय पर निरीक्षण कर व्यवस्था की गुणवत्ता बनाए रखें।निरीक्षण के उपरांत उप जिलाधिकारी हर्षिता तिवारी ग्राम पंचायत करीमुद्दीनपुर में आयोजित शीतकालीन ग्राम चौपाल में पहुंचीं, जहां ग्राम प्रधान, एडीओ (पूर्वी क्षेत्र), रक्षक, नायब तहसीलदार मोहम्मदाबाद तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। चौपाल में उन्होंने ग्रामीणों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को सुना और समाधान के लिए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।उन्होंने चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे झ परिवार रजिस्ट्रेशन, ई-सेवा केंद्र, वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय योजना आदि की जानकारी विस्तारपूर्वक दी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और शासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करें।एसडीएम तिवारी ने कहा कि शासन-प्रशासन का उद्देश्य गांवों में विकास की रफ्तार को गति देना और जनसामान्य की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना है।

# चित्रकूट कोषागार घोटाले में नया खुलासा, 67 पेंशनर अब भी धनराशि दबाए बैठे- अब संपत्ति जब्ती की तैयारी

- तीन करोड़ से अधिक की हुई वसूली
- धन वापसी की रफ्तार धीमी, खुलीं नई परतें

**अखंड भारत संदेश**


बैठक में मौजूद अधिकारीगण

**चित्रकूट।** जिला कोषागार में पेंशन से जुड़ा गबन मामला एक बार फिर चर्चा में है। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में पेंशन घोटाले की ताजा स्थिति पर चर्चा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक, दोनों अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, एसआईटी/क्राइम ब्रांच, शिक्षा विभाग व बैंक अधिकारियों की मौजूदगी रही।

बैठक में बताया कि इस प्रकरण में कुल 93 पेंशनर और पारिवारिक पेंशनर शामिल हैं, जिनमें से 26 लोगों ने गबन की गई राशि लौटाई, जबकि 67 अब भी सरकारी धन वापस नहीं कर रहे हैं। अब तक लगभग 3 करोड़ 60 लाख 74 हजार 16 रुपये की वसूली की जा चुकी है। जिन पेंशनरों ने राशि नहीं लौटाई है, उनकी संपत्तियों की जब्ती की कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही एक प्रभारी सहायक कोषाधिकारी, एक लेखाकार, एक सहायक लेखाकार और एक सेवानिवृत्त सहायक कोषाधिकारी के बैंक खातों से लेनदेन पर रोक लगाने का निर्णय हुआ। बैठक में यह भी तय किया गया कि ऐसे बैंक खाते जिनमें परिवर्तन या संदिग्ध लेनदेन किए गए हैं, उनकी जानकारी एसआईटी/क्राइम ब्रांच को जल्द उपलब्ध कराई जाए। सहायक महानिरीक्षक निबंधन को यह भी निर्देश दिया गया कि गबन से जुड़े कर्मचारियों, पेंशनरों और उनके परिजनों की संपत्ति के क्रय-विक्रय पर रोक लगाई जाए। हालांकि यह कदम घोटाले की गुत्थी सुलझाने की दिशा में अहम माना जा रहा है, लेकिन सवाल है कि इतनी बड़ी रकम वर्षों तक निगरानी के बावजूद कैसे गबन होती रही? क्या जिम्मेदार आला अधिकारी हर बार की तरह इस बार भी सुरक्षित बच गए?

# कागजों में योजनाएं, जमीं पर तबाही- मिटने की कगार पर अरछा बरेठी, जिम्मेदार बने तमाशबीन

- मंडरा रहा अस्तित्व का संकट
- हर बरसात में डूबता अरछा बरेठी

**अखंड भारत संदेश**


नदी किनारे बसा गांव

**राजापुर/चित्रकूट।** राजापुर तहसील का अरछा बरेठी गांव इस वक्त अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। हर साल बरसात आते ही पयस्वनी नदी गांव पर कहर बनकर टूटती है। नदी के कटान से गांव का बड़ा हिस्सा बह चुका है और सैकड़ों परिवार हर बरसात में बेघर हो जाते हैं। मवेशियों, मकानों और खेतों के साथ अब गांव का नाम तक खतरे में है।

गांव में केवट, ठाकुर, यादव, राजपूत और वैश्य समुदाय के लोग रहते हैं, जिनकी जिंदगी अब पानी और कटान के बीच झूल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बाढ़ और कटान की यह त्रासदी हर साल दोहराई जाती है, लेकिन शासन-प्रशासन सिर्फ सर्वे और रिपोर्ट तक ही सीमित है। सिंचाई विभाग के उच्चाधिकारियों ने तो इस समस्या को औचित्यहीन तक कह दिया, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया है। उनका सवाल है- जो अधिकारी जमीनी हकीकत नहीं जानते, वे राहत कैसे देंगे? गांव के कई जिम्मेदार नागरिक जैसे पूर्व प्रधान सुमेर सिंह, शिव प्रताप त्रिपाठी, रामसेवक पांडेय, गया पांडे और बच्चा लाल बताते हैं कि वे सालों से अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं, पर समाधान दूर की बात है। अब ग्रामीणों की निगाहें चित्रकूट के नवागंतुक जिलाधिकारी पुलकित गर्ग पर टिक गई हैं। लोगों को उम्मीद है कि वे नदी में पिचिंग कार्य कराके इस ऐतिहासिक गांव को डूबने से बचाएंगे। अगर प्रशासन ने अब भी ध्यान नहीं दिया, तो अरछा बरेठी जल्द ही नक्शे से गायब होने वाला अगला गांव बन सकता है और यह त्रासदी इतिहास का स्थायी धब्बा बन जाएगी।

# अखंड भारत के आह्वान संग निकली एकता यात्रा, चित्रकूट ने देखा देशभक्ति का ज्वार

- पटेल चौक से शिवरामपुर तक गूंजा संदेश
- फिर जली लौह पुरुष के नाम की लौ

**अखंड भारत संदेश**



बेटियों को सम्मानित करते समाजसेवी

**चित्रकूट।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार को आयोजित एकता मार्च पदयात्रा ने पूरे जनपद में राष्ट्रभक्ति की नई ऊर्जा भर दी। पूर्व मंत्री व यात्रा संयोजक चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय के नेतृत्व में यह यात्रा पटेल चौक से प्रारंभ होकर शिवरामपुर स्थित शिशु मंदिर तक निकली। इस ऐतिहासिक मार्च में एमएलसी जितेन्द्र कुमार सेंगर, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनिल यादव, जिला अध्यक्ष सहित हजारों कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि व छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

यात्रा उपरांत आयोजित जनसभा में सेंगर ने कहा कि एक भारत- श्रेष्ठ भारत का सपना सरदार पटेल की देन है, जिसे आज मोदी सरकार साकार कर रही है। अनिल यादव ने कहा कि यह यात्रा राष्ट्र की एकता और अखंडता को और सुदृढ़ करने का प्रयास है। जिला अध्यक्ष ने याद दिलाया कि सरदार पटेल ने 500 रियासतों को भारत में मिलाकर एक अखंड राष्ट्र की नींव रखी थी। पूर्व मंत्री उपाध्याय ने कहा कि पटेल जी के आदर्श प्रधानमंत्री मोदी के जीवन में प्रेरणा का स्तंभ हैं, और इसी सोच से एकता यात्रा राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बनी है। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने कहा कि गुजरात की स्टैच्यू ऑफ यूनिटी मोदी जी की श्रद्धा और एकता के प्रतीक के रूप में विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा बनकर खड़ी है। कार्यक्रम में पूर्व सांसद आरके पटेल, चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। संचालन जिला महामंत्री आलोक पांडेय ने किया और विधानसभा संयोजक बृजेश पांडेय ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## दो साल की बेटी के सिर से उठा मां का साया, गृह कलह ने छीना सुकून

**राजापुर (चित्रकूट)।** गृहकलह से टूटकर 24 वर्षीय सविता देवी पत्नी राम संवारे निषाद निवासी ग्राम पंचायत बरुवा मजरा शिवलहा पुरवा ने मंगलवार को जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया कि सविता रोज-रोज के पारिवारिक झगड़ों से परेशान थी और इसी तनाव में उसने अपनी जीवन लीला समाप्त कर दी। इलाज के लिए पति उसे निजी चिकित्सालय ले गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सविता अपने पीछे दो वर्ष की पुत्री रनिया को छोड़ गई है। सूचना पर राजापुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक लाखन सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मायका पक्ष से कोई तहरीर नहीं मिली है।

# देवांगना घाटी से पटेल तिराहा तक 139 करोड़ की फोरलेन पर रफ्तार धीमी- धन खर्च, सड़क अधूरी

- कागजों में रफ्तार, जमीन पर रुकावट
- बिजली के खंभे व जमीन विवाद बने रोड़ा
- डीएम ने दी चेतावनी, विभागों में तकरार

**अखंड भारत संदेश**


फोरलेन परियोजना की जांच को मौके पर मौजूद डीएम

**चित्रकूट।** देवांगना घाटी से लेकर पटेल तिराहा तक बन रही फोरलेन सड़क परियोजना का जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने गुरुवार को निरीक्षण किया। यह निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग के तहत कराया जा रहा है, जिसकी कुल लागत 13907.64 लाख रुपये तय की गई है। विभाग के अनुसार अब तक लगभग 9357 लाख रुपये खर्च हो चुके हैं, जबकि 7.6 किलोमीटर लंबी इस परियोजना को 31 जुलाई 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने विभाग को निर्देश दिया कि कार्य की दैनिक प्रगति का बार चार्ट तैयार किया जाए और मैनपावर बढ़ाकर समय से कार्य पूरा किया जाए। उन्होंने बॉर्डर पर क्षतिग्रस्त ओवरहेड बोर्ड की मरम्मत कराने के निर्देश भी दिए। शहरी क्षेत्र में जारी कार्यों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि सड़क किनारे बनी नालियों को कवर्ड कर 1.5 से 2 मीटर चौड़े फुटपाथ के साथ समायोजित किया जाए और उसकी डिजाइन-ड्रॉइंग प्रस्तुत की जाए। हालांकि निरीक्षण में कई तकनीकी रुकावटें भी सामने आईं। अधिशासी अभियंता ने बताया कि सड़क के बीचोंबीच आ रहे विद्युत पोलों की शिफ्टिंग अब तक नहीं हुई, जबकि धनराशि पहले ही जमा है। वहीं कुछ भूस्वामियों द्वारा सर्किल रेट कम होने के कारण भूमि देने से इनकार की जानकारी भी दी गई। इस पर जिलाधिकारी ने सर्किल रेट दोबारा जांचने और नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। लगभग आधा बजट खर्च होने के बावजूद परियोजना की धीमी रफ्तार और विभागीय तालमेल की कमी ने सवाल खड़े कर दिए हैं- क्या चित्रकूट की फोरलेन सड़क तय समय पर पूरी हो पाएगी या ये भी कागजी रफ्तार का एक और उदाहरण बनकर रह जाएगी?

## पंद्रह बीघा फसल जलकर खाक- सौ कुंटल धान राख, किसान बब्बू की आंखों में लहू

**अखंड भारत संदेश**


भीषण आग की चपेट में किसान की फसल

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** ग्राम पंचायत गोइया के हड़हा गांव में गुरुवार दोपहर तब अफरा-तफरी मच गई जब किसान बब्बू द्विवेदी के खलिहान में अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते लपटों ने पंद्रह बीघे की करीब सौ कुंटल धान की फसल को राख में बदल दिया। ग्रामीणों ने दौड़कर आग बुझाने की भरसक कोशिश की, मगर तब तक मेहनत की पूरी पूंजी जल चुकी थी। अज्ञात कारणों से लगी इस आग ने किसान की वर्षों की कमाई और उम्मीदें दोनों को राख कर दिया। बब्बू द्विवेदी का रो-रोकर बुरा हाल है, गांव में मातम और सन्नाटा पसरा हुआ है।

# कलेक्टर के दावों पर श्रीमंत प्रभाकर राव का पलटवार- पेशवा फोर्ट पर झूठ की दीवारें

- पेशवा की धरोहर है पुरानी कोतवाली
- पेशवा फोर्ट की अस्मिता पर उठा सवाल

**अखंड भारत संदेश**


पेशवा श्रीमंत प्रभाकर राव


पुरानी कोतवाली

**चित्रकूट।** पुरानी कोतवाली परिसर, जिसे इतिहास जानने वाले आज भी पेशवा फोर्ट के नाम से पुकारते हैं, एक बार फिर विवादों के घेरे में है। हाल ही में चित्रकूट कलेक्टर द्वारा इस परिसर को नजूल भूमि बताने संबंधी बयान से पूरे जनपद में हलचल मच गई है। श्रीमंत प्रभाकर पेशवा ने इस दावे को जनता को भ्रमित करने वाला बताते हुए तीखी आपत्ति दर्ज कराई है। उनका कहना है कि प्रशासन अधीनस्थ कर्मचारियों की अधकचरी रिपोर्टों पर भरोसा कर इतिहास से खिलवाड़ कर रहा है।

श्रीमंत पेशवा ने कहा कि 1824 से चित्रकूट-ढबौरा-मानिकपुर राज्य पेशवा सरकार बहादुर के अधीन रहा, जिसमें वर्तमान चित्रकूट का आधा भाग पेशवा शासकों के नाम दर्ज था। 1857 की क्रांति के समय जब पेशवा महाराज ने अंग्रेजों के विरुद्ध शस्त्र उठाए, तो ब्रिटिश सेना ने हार के बाद उनकी जायदाद जब्त कर ली और उन्हें इसी ऐतिहासिक किले में बंदी बना दिया। तभी से यह स्थान पुरानी कोतवाली कहलाया। इतिहास बताता है कि 1871 की आम माफी के उपरांत ब्रिटिश सरकार ने यह परिसर और आसपास के 18 गांव पेंशन स्वरूप पेशवा परिवार को लौटाए, जो स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद तक उनके नाम दर्ज रहे। किंतु वर्ष 2023-24 में अचानक यह भूमि गुप्त रूप से नजूल घोषित कर दी गई, और 17 दिन बाद नगर पालिका ने ऐतिहासिक भवनों को होटल निर्माण के लिए गिराना प्रारंभ कर दिया। पूर्व कलेक्टर व सीईओ मूकदर्शक बने रहे, जबकि पेशवा वंशजों को हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। न्यायालय के आदेश के बाद ही ध्वस्तीकरण रुका। वर्तमान में इस मामले से जुड़े चार मुकदमे हाईकोर्ट और सात जिला न्यायालय में लंबित हैं, जिनमें राष्ट्रद्रोह और कोर्ट की अवमानना जैसे गंभीर आरोप भी शामिल हैं। श्रीमंत प्रभाकर पेशवा ने कलेक्टर से कहा है कि जब तक दोषियों पर कार्यवाही न हो, तब तक इस परिसर में किसी भी निर्माण कार्य को असंवैधानिक माना जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि यह जमीन इतिहास की नहीं, हमारी अस्मिता की धरोहर है- अदालत बोलेगी, सत्य सामने आएगा।

## एनएसपी पर खुला पीएम टॉप क्लास स्कॉलरशिप पोर्टल, 15 से करें आवेदन

**चित्रकूट।** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी वर्ग के मेधावी छात्रों के लिए राहत और अवसर की सौगात दी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु पीएम टॉप क्लास एजुकेशन इन स्कूल्स योजना के अंतर्गत नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आवेदन की संशोधित तिथियां जारी कर दी गई हैं। योजना 2 जून से प्रारंभ हुई है, जबकि छात्र 15 नवंबर से आवेदन कर सकेंगे। 25 नवंबर से त्रुटिपूर्ण व संस्थागत सत्यापन और 5 दिसंबर से डीएनओ/एसएनओ स्तर पर अंतिम सत्यापन किया जाएगा। वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 की पीएम यशस्वी योजना हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 15 नवंबर निर्धारित की गई है।

## शहीद स्मारक पर संवेदना का सागर, कांग्रेस ने दी दिल्ली बमकांड पीड़ितों को श्रद्धांजलि

**चित्रकूट।** चित्रकूट धाम कर्वी के शहीद स्मारक पार्क में संध्या का आसमान उस वक्त संवेदना से भीग उठा, जब जिला कांग्रेस कमेटी ने दिल्ली बम कांड के शहीदों और निर्दोष मृतकों की आत्मा की शांति हेतु मोमबत्तियाँ गुरुवार की शाम जलाईं। शोक में डूबे इस क्षण में हर लौ मानो इंसानियत की नई परिभाषा लिख रही थी। जिला अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल के नेतृत्व में वरिष्ठ कांग्रेसी राजकुमार गर्ग, अवधेश करवरिया, विजय मणि त्रिपाठी, नीरू गुप्ता, डॉ राकेश वर्मा, गुलाम वर्मा और सैकड़ों कार्यकर्ता मौन प्रार्थना में खड़े रहे। यह श्रद्धांजलि सिर्फ मृतकों के लिए नहीं थी, बल्कि उस अमर संदेश के लिए थी कि आतंक के अंधेरे में भी भारत की संवेदना की लौ कभी बुझ नहीं सकती।

# बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर उमड़ा जनसैलाब- डीएम ने लिया ज्ञापन, कहा- करेंगे समाधान

**जनता बनाम प्रशासन का ऐतिहासिक दिन, जब भीड़ ने कहा इस्तीफा दो, बड़े जन आंदोलन की चेतावनी**



कलेक्ट्रेट मे प्रदर्शन करते आम नागरिक और उमडी भीड़

**चित्रकूट।** जिले की जर्जर स्वास्थ्य व्यवस्था के खिलाफ गुरुवार को कलेक्ट्रेट में वह दृश्य देखने को मिला, जब आमजन अपनी पीड़ा लेकर सड़कों पर उतर आया। विनोद केसरवानी और भूपेंद्र विधायक के नेतृत्व में आयोजित धरना-प्रदर्शन ने जिला प्रशासन की नींद उड़ा दी। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जिला अस्पताल आज मरीजों का इलाज करने की जगह केवल रिफर सेंटर बनकर रह गया है। राजाभैया सिंह चंदेल अपना दल (एस) छात्र संघ जिला अध्यक्ष, ने तंज कसते हुए कहा कि यहां कोई भी मरीज आता है तो डॉक्टर उसे ठीक करने नहीं, दूसरे जिले भेजने में तत्पर रहते हैं। इस आक्रोशित माहौल में शिवशंकर पटेल सीटू, वेद सिंह, विक्रम सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता मौजूद रही। स्थिति तब विस्फोटक हुई जब जिलाधिकारी ज्ञापन लेने नहीं आए। नारों से गूंजता परिसर अचानक उग्र हो उठा- डीएम साहब इस्तीफा दो- का शोर गूंजने लगा। कुछ देर को जनता और अधिकारियों के बीच टकराव की स्थिति बन गई। तभी जिलाधिकारी पुलकित गर्ग स्वयं बाहर आए। भीड़ के बीच हाथ जोड़कर उन्होंने कहा कि मैंने भी एक हादसे में अपने अपने खोए हैं, जनता का दर्द समझता हूं, समाधान होगा। इस संवेदनशील प्रतिक्रिया ने माहौल को शांत कर दिया। वहीं विनोद केसरवानी ने चेतावनी भरे स्वर में कहा कि यह भीड़ नोटों से नहीं, दर्द से आई है, अगर अब भी सुधार न हुआ, तो अगला आंदोलन इतिहास लिखेगा।

## 50 लाख से अधिक लागत की 97 परियोजनाओं की प्रगति पर हुई चर्चा, समयबद्ध पूर्णता के निर्देश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की निगरानी में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख रुपये से अधिक लागत वाली विकास परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में 16 कार्यदायी संस्थाओं द्वारा संचालित 97 परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने साफ कहा कि विकास कार्यों में ढिलाई या लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सिंचाई विभाग को निर्देश दिया कि सिल्ट सफाई का मलबा सड़क पर न डाला जाए, साथ ही किसानों की सिंचाई जरूरतों को ध्यान में रखते हुए समय पर सफाई सुनिश्चित की जाए। सभी विभागों को मैन पावर बढ़ाकर गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक संस्था बार चार्ट बनाकर मासिक प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करे ताकि विकास का वास्तविक आकलन हो सके। डीएम ने अधिकारियों को निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग और गुणवत्ता मानकों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रयागराज मेला प्राधिकरण से चित्रकूट नगर निकायों को मिली मेला संपत्ति

**चित्रकूट।** महाकुंभ-2025 की तैयारियों से उपजी रोशनी अब चित्रकूट को जगमगाने वाली है। प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने कुंभ मेला बजट से सृजित परिसंपत्तियों का आवंटन करते हुए नगर पालिका परिषद कर्वी को 150-160 वाट की 100 स्ट्रीट लाइटें, 10 हाईब्रिड सोलर एलईडी लाइटें और 2 आरओ वाटर एटीएम दिए हैं। वहीं नगर पंचायत राजापुर को 1 आरओ एटीएम और मानिकपुर को 2 आरओ एटीएम आवंटित हुए हैं। जिलाधिकारी ने तीनों अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे कुंभ मेलाधिकारी प्रयागराज से संपर्क कर उपकरण शीघ्र प्राप्त करें और इन्हें जनहित में उपयोग में लाएं, ताकि चित्रकूट उजाला और शुद्ध जल से चमक उठे।

# मऊ की मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दम, बीएसए बोले- सेवा भाव से करें शिक्षण


क्रीड़ा प्रतियोगिता में कुश्ती करते बच्चे

**मऊ/चित्रकूट।** विकास खंड मऊ के राजकीय इंटर कॉलेज बरगढ़ में आयोजित 26वीं दो दिवसीय क्षेत्रीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में खेल के साथ देशभक्ति, अनुशासन और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। 12 से 13 नवंबर तक आयोजित इस आयोजन का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा ने विशिष्ट अतिथि शशांक शेखर शुक्ला, अनिल शुक्ला, अखिलेश पांडेय, और हरिशंकर तिवारी के साथ माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और ध्वजारोहण कर किया। उद्घाटन सत्र में यूपीएस मुरका की छात्राओं ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण गुंजा दिया। बीएसए शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के साथ बच्चों का शारीरिक विकास भी समान रूप से आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों से सेवा भाव से कार्य करने और खेलों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। अतिथियों ने 100 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता की शुरूआत की। खण्ड शिक्षा अधिकारी कृष्णदत्त पांडेय ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक गर्ग के मार्गदर्शन और शिक्षकों की टीम भावना से ही संभव हुआ। प्रतियोगिता में ब्लॉक के सातों संकुलों के बच्चों ने दौड़, कबड्डी, खो-खो, कुश्ती, ऊँची-लम्बी कूद, गोला एवं डिस्कस थ्रो जैसे खेलों में शानदार प्रदर्शन किया। समापन दिवस पर विजेताओं को मुख्य अतिथि कृष्णदत्त पांडेय ने पुरस्कृत किया। कुलदीप कुमार (पूरब पताई) और पुष्पा पाल (खपटिहा) दौड़ के चौंपियन बने, जबकि कबड्डी व खो-खो में संकुल बियावल और बरगढ़ की टीमों ने जीत दर्ज की। संचालन केशन सिंह ने किया और धन्यवाद ज्ञापन आलोक गर्ग ने करते हुए शिक्षकों की टीम को बधाई दी।

# सबको मिलकर मारेंगे..Modi के दिल्ली पहुंचते ही नेतन्याहू ने भारत का नाम लेकर कर दिया बड़ा ऐलान



**इजरायल**

**दिल्ली** विस्फोट के बाद इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत की जनता के नाम एक संदेश पोस्ट किया। नेतन्याहू ने लिखा मैं और इजराइल की जनता, पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। उन्होंने आगे कहा, इजराइल दुख और शक्ति दोनों में आपके साथ मजबूती से खड़ा है। भारत और इजराइल प्राचीन सभ्यताएँ हैं जो शाश्वत सत्य पर टिकी हैं। आतंक हमारे शहरों पर हमला कर सकता है, लेकिन यह हमारी आत्माओं को कभी नहीं हिला पाएगा। हमारे राष्ट्रों का प्रकाश हमारे शत्रुओं के अंधकार को परास्त कर देगा। एलएनजेपी अस्पताल में घायलों से मिलने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आश्वासन दिया कि लाल किला विस्फोट के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इससे पहले इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने दिल्ली के प्रतिष्ठित लाल किले के पास हुए घातक विस्फोट के बाद भारत के लोगों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की। इस विस्फोट में कम से कम आठ लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए। मैं भारत के लोगों और विशेष रूप से दिल्ली के मध्य में हुए विस्फोट में मारे गए निर्दोष पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी और इजरायल की गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ। एक इजरायली एक्सपर्ट ने कहा है कि भारत ने एक ऐसे आतंकी हमले को रोका है जो ढाई लाख से ज्यादा लोगों को मार सकता था। इस इजरायली एक्सपर्ट ने कहा कि भारत ने जिस आतंकी को पकड़ा है उसके पास करीब 4 किलो रेजिन जहर था जो अमेरिका के मायामी शहर को खत्म करने के लिए भी काफी था। ब्रिटेन के एक नेता टॉमी रॉबिनसन ने लिखा कि भारत ने एक खतरनाक आतंकी हमले को नाकाम कर दिया है।

# अदालत परिसर पर हमला: पाकिस्तान में बार-बार सुरक्षा में चूक, न्याय के लिए वकीलों का आक्रोश उबाल पर



**इस्लामाबाद**

**इस्लामाबाद** बार काउंसिल (आईबीसी) और रावलपिंडी जिला बार एसोसिएशन ने इस्लामाबाद के जी-11 इलाके में स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर पर हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है। इस हमले में कई लोगों की जान चली गई और दर्जनों लोग घायल हो गए, जिनमें कानूनी समुदाय के सदस्य भी शामिल हैं। डॉन के अनुसार, आईबीसी के उपाध्यक्ष नसीर अहमद कयानी और अन्य काउंसिल सदस्यों ने न्यायिक संस्थान, जो न्याय और कानून के शासन का प्रतीक है, को निशाना बनाकर किए गए इस कायरतापूर्ण और बर्बर आतंकवादी कृत्य पर गहरा दुख, सदमा और आक्रोश व्यक्त किया। आईबीसी ने कहा कि वकीलों, वादियों और अदालती अधिकारियों पर इस तरह के हमले पाकिस्तान की पहले से ही कमजोर न्याय व्यवस्था पर सीधा प्रहार हैं। आईबीसी ने विरोध और शोक के रूप में 12 से 14 नवंबर तक इस्लामाबाद राजधानी क्षेत्र में अदालतों के पूर्ण बहिष्कार की घोषणा की है। इस दौरान, कोई भी वकील किसी भी अदालत में पेश नहीं होगा। काउंसिल ने बिगड़ते सुरक्षा माहौल पर सामूहिक प्रतिक्रिया तैयार करने के लिए अधीनस्थ बार एसोसिएशनों के साथ एक आम बैठक आयोजित करने का भी निर्णय लिया। आईबीसी ने हमले की पारदर्शी जाँच की भी माँग की और सवाल उठाया कि कथित रूप से उच्च सुरक्षा वाले इलाके में इतनी बड़ी सुरक्षा चूक कैसे हो सकती है।

# टैलेंट चाहिए, भीड़ नहीं... H1B वीजा को लेकर ट्रंप अब क्या नया करने वाले हैं?

**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को एच-1बी वीजा योजना का बचाव करते हुए कहा कि देश को कुछ क्षेत्रों के लिए प्रतिभा लाने की जरूरत है। एच-1बी वीजा मुद्दे पर ट्रम्प का आश्चर्यजनक यू-टर्न फॉक्स न्यूज की लॉरा इंग्राहम के साथ एक साक्षात्कार के दौरान हुआ, जहां उन्होंने कुशल आप्रवासी श्रमिकों के मूल्य का बचाव करते हुए तर्क दिया कि अमेरिका लंबे समय से बेरोजगार अमेरिकियों को व्यापक प्रशिक्षण के बिना विनिर्माण और रक्षा में जटिल भूमिकाओं के लिए पुनर्नियोजित नहीं कर सकता है।

यह पूछे जाने पर कि क्या एच1बी वीजा प्रतिबंध प्रशासन के लिए एक बड़ी प्राथमिकता नहीं होगी, ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को दुनिया भर से प्रतिभाशाली लोगों को लाने की जरूरत है। ट्रंप ने कहा कि हमें देश में प्रतिभाओं को भी लाना होगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या अमेरिका में पर्याप्त प्रतिभा नहीं है, तो ट्रंप ने जवाब दिया नहीं। आपके पास नहीं है।

# लाल किला विस्फोट: आतंकी एंगल से जांच तेज, ईरान ने भारत के प्रति जताई एकजुटता

**ईरान**

**ईरान** ने दिल्ली के प्रतिष्ठित लाल किले के पास सोमवार शाम हुए दुखद विस्फोट पर भारत के प्रति औपचारिक संवेदना व्यक्त की। इस विस्फोट में कम से कम आठ लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकेई ने एक बयान में, पीड़ितों के परिवारों के प्रति विशेष सम्मान के साथ, भारत सरकार और भारत के लोगों के प्रति ईरान इस्लामी गणराज्य की संवेदना व्यक्त की। ईरानी विदेश मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट किया कि नई दिल्ली में हुए विस्फोट के बाद, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकेई ने भारत सरकार और भारत के लोगों, विशेष रूप से



पीड़ितों के परिवारों के प्रति ईरान इस्लामी गणराज्य की संवेदना और सहानुभूति व्यक्त की।

मंत्रालय ने आगे कहा इस दुखद घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। ईरान के विदेश मंत्रालय का यह संदेश राष्ट्रीय राजधानी में हुए दुखद विस्फोट के बाद भारत के साथ बढ़ती वैश्विक एकजुटता के बीच आया है। इस विस्फोट में कम से कम आठ लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारी इस घटना की संभावित आतंकी घटना के रूप में जाँच कर रहे हैं।

विस्फोट के बाद, राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (एनआईए) ने हाल ही में दिल्ली में हुए कार विस्फोट की जाँच के लिए एक "समर्पित और व्यापक" जाँच दल का गठन किया है - यह एक आतंकवादी हमला था जिसे भारतीय एजेंसियों द्वारा उजागर किए गए जैश-ए-मोहम्मद मॉड्यूल द्वारा अंजाम दिया गया था, शीर्ष सूत्रों ने यह जानकारी दी।

यह दल वरिष्ठ अधिकारियों, जिनमें पुलिस अधीक्षक और उससे ऊपर के पद के अधिकारी भी शामिल हैं, की निगरानी में काम करेगा, ताकि मामले की समन्वित और गहन जाँच सुनिश्चित की जा सके। यह कदम गृह मंत्रालय (एमएचए) द्वारा विस्फोट के पीछे आतंकी पहलू का हवाला देते हुए औपचारिक रूप से जाँच एनआईए को सौंपने के एक दिन बाद उठाया गया है।

# बलूचों पर पाकिस्तान का जुल्म जारी, सेना पर लगा जबरन गायब करने और हत्या का आरोप

**पाकिस्तान**

**प्रांत** के अलग-अलग इलाकों में दो लापता बलूच पुरुषों के शव मिले हैं, जिससे पाकिस्तानी सुरक्षा बलों द्वारा कथित तौर पर जबरन गुमशुदगी और न्यायेतर हत्याओं की आशंकाएँ फिर से बढ़ गई हैं। द बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, ये भयावह खोजें अपहरण, यातना और हत्याओं के एक लंबे समय से चले आ रहे चक्र का हिस्सा हैं जो इस क्षेत्र को परेशान करता रहता है।

द बलूचिस्तान पोस्ट के अनुसार, पहला शव केच जिले के तुर्बत के गिन्नाह इलाके से बरामद किया गया था और बाद में उसकी पहचान मीर दोस्त के रूप में हुई, जो कोशकलात, तुम्प निवासी उबैद उल्लाह का बेटा था। स्थानीय लोगों ने बताया कि मीर दोस्त का अपहरण 13 फरवरी, 2025 को पाकिस्तानी सशस्त्र बलों के जवानों ने एक स्थानीय "मृत्यु दस्ते" के सदस्यों के साथ मिलकर किया था। उसके परिवार ने कहा कि अधिकारियों और मानवाधिकार निकायों से बार-बार गुहार लगाने के बावजूद वह नौ महीने तक लापता रहा।

समूह ने एक बयान में आरोप लगाया कि उन्हें उनके घर से अगवा किया गया और बाद में उनके क्षत-विक्षत शव को एक सुनसान इलाके में फेंक दिया गया। बीवाईसी नेताओं ने कहा कि यह मामला कोई अलग-थलग मामला नहीं है, बल्कि बलूचिस्तान में "जबरन गायब करने और न्यायेतर हत्याओं के एक व्यवस्थित और राज्य समर्थित अभियान" का हिस्सा है।

# रूस में पकड़ा गया पाकिस्तान, दिल्ली धमाके से पहले पुतिन ने किसे दबोचा?

**पाकिस्तान**

**दिल्ली** में लाल किले के पास हुए धमाके की जांच में अब साफ होता जा रहा है कि इस साजिश में पाकिस्तान का हाथ है। जितने आतंकी डॉक्टर पकड़े गए हैं उनके पाकिस्तान से लिंक पाए जाने का संकेत है। यानी पाकिस्तान भारत के खिलाफ एक बार फिर बड़ी साजिश करते पकड़ा गया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान को अमेरिका, चीन, तुर्की और बांग्लादेश समेत कई मुस्लिम देशों का समर्थन मिला। जिसके बाद पाकिस्तान के हौसले और बुलंद हो गए। इतने बुलंद कि पाकिस्तान ने भारत पर दोबारा हमला करने के साथ-साथ रूस में भी घुसपैठ की कोशिश कर दी। लेकिन भारत और रूस ने समय रहते पाकिस्तान की धज्जियां उड़ा दी हैं। दरअसल पाकिस्तान इस कोशिश में था



कि वो भारत पर पहलगाम से भी बड़ा हमला कर दे। पाकिस्तान जहर बनाने वाले और अमोनियम नाइट्रेट से बम बनाने वाले डॉक्टर्स के संपर्क में था। पाकिस्तान चाहता था कि पहले तो भारत में हमला हो जाए और इस हमले के बाद भारत ऑपरेशन सिंदूर 2.0 भी ना कर पाए। इसीलिए भारत के पलटवार की ताकत को कम करने के लिए पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ने रूस में एक सीक्रेट ऑपरेशन चलाने की कोशिश की। इसीलिए भारत के पलटवार की ताकत को कम करने के लिए पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ने रूस में एक सीक्रेट ऑपरेशन चलाने की कोशिश की। इस ऑपरेशन का मकसद रूस के एयर डिफेंस सिस्टम र400 की टेक्नोलॉजी को चुराना था।

पाकिस्तान जानता है कि र400 भारत के लिए एक बहुत बड़ी ताकत है। ऑपरेशन सिंदूर में र400 भारत के लिए एक गेम चेंजर साबित हुआ था। पाकिस्तान को बर्बाद करने में र400 ने बड़ी भूमिका निभाई थी। ऐसे में भारत ऑपरेशन सिंदूर 2.0 में ऐसा ना कर पाए इसीलिए पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ने र400 का तोड़ निकालने की कोशिश शुरू कर दी।

# पाकिस्तान में 27वां संविधान संशोधन, सैन्य और न्यायिक ढांचे में ऐतिहासिक बदलाव की तैयारी

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** की नेशनल असेंबली (एनए) ने बुधवार को अपना महत्वपूर्ण सत्र फिर से शुरू किया। निचले सदन द्वारा 27वें संविधान संशोधन विधेयक को पारित किए जाने की उम्मीद है। यह देश की सैन्य और न्यायिक प्रणालियों के पुनर्गठन के उद्देश्य से एक व्यापक सुधार उपाय है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के कानून मंत्री आजम नजीर तरार द्वारा मंगलवार को पेश किए गए इस विधेयक को पारित होने के लिए



336 सदस्यीय नेशनल असेंबली में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन के पास 125 सीटों के साथ पर्याप्त संख्या बल है। उसे अपने सहयोगियों पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के 74, मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) के 22, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-कायद (पीएमएल-क्यू) और इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी (आईपीपी) के चार-चार सीटों सहित समर्थन प्राप्त है। 59 खंडों वाले 27वें संशोधन विधेयक को इस सप्ताह के शुरू में सीनेट द्वारा अनुमोदित किया गया था, जिसके पक्ष में 64 मत पड़े, तथा विपक्ष में कोई मत नहीं पड़ा, क्योंकि विपक्षी बेंचों ने कार्यवाही का बहिष्कार किया था।

जियो न्यूज के अनुसार, प्रस्तावित विधेयक सैन्य कमान संरचना और न्यायपालिका में महत्वपूर्ण बदलाव लाने का प्रयास करता है।

# अमेरिका डील से झूमा बाजार, निवेशकों की लगी बंपर लॉटरी।

**अमेरिका**

**आज** भारतीय शेयर बाजार में आईटी और ऑटो सेक्टर की बढ़त के चलते सकारात्मक रुख देखने को मिला। मौजूद जानकारी के अनुसार, बीएसई सेंसेक्स 595.19 अंक यानी 0.71 प्रतिशत की तेजी के साथ 84,466.51 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी50 180.85 अंक यानी 0.7 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,875.80 अंक पर पहुंच गया हैं।

गौरतलब है कि बीएसई पर एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा और बजाज फिनसर्व में सबसे अधिक तेजी रही, जबकि टाटा स्टील, टाटा मोटर्स पीवी और बीईएल के शेयरों में सबसे अधिक गिरावट देखने को



मिली। एनएसई पर एशियन पेंट्स, अडानी एंटरप्राइजेज और टेक महिंद्रा में तेजी बनी रही, जबकि टाटा मोटर्स पीवी, टाटा मोटर्स सीवी और टाटा स्टील के शेयरों में दबाव रहा हैं।

ब्रॉडर मार्केट की बात करें तो निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 0.79 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप 0.82 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। सेक्टरल प्रदर्शन में निफ्टी आईटी ने 2.04 प्रतिशत की सबसे अधिक तेजी दिखाई, वहीं निफ्टी ऑटो और निफ्टी फार्मा में क्रमशः 1.24 और 1 प्रतिशत की तेजी रही हैं।

मौजूदा परिस्थितियों में निवेशकों का उत्साह बिहार विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल के संकेतों से बढ़ा है। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के चीफ इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजिस्ट डॉ. वी. के. विजयकुमार ने बताया कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को जल्द अंतिम रूप देने की खबरों के साथ-साथ बिहार में एनडीए की संभावित निर्णायक जीत के एग्जिट पोल ने बाजार में सकारात्मकता पैदा की हैं।

# पाकिस्तान के हुक्मरानों के अभी से छूटने लगे पसीने



**पाकिस्तान**

**दिल्ली** के लाल कि ला मेट्रो स्टेशन के बाहर हुए कार विस्फोट ने न केवल भारत को झकझोर दिया, बल्कि इस घटना की गूंज इस बार सीमाओं के पार यानि पाकिस्तान के भीतर तक सुनाई दी है। हम आपको बता दें कि आतंकवाद को संरक्षण देने वाला पाकिस्तान इस बार असामान्य रूप से घबराया हुआ दिख रहा है। जैसे ही भारतीय खुफिया एजेंसियों को हमले की शुरूआती जांच में जैश-ए-मोहम्मद (खीट) की संलिप्तता के संकेत मिले, वैसे ही इस्लामाबाद ने अपनी सुरक्षा प्रणाली को ॥अभूतपूर्व स्तर॥ पर अलर्ट कर दिया। पाकिस्तान के सभी वायु अड्डों, सैन्य ठिकानों और संवेदनशील प्रतिष्ठानों पर रेड अलर्ट जारी करना यह दशार्ता है कि अब उसके दिमाग में भारत की कार्रवाई का वास्तविक खौफ घर कर गया है।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान ने अपनी वायुसेना को ॥इमीडिएट टेकऑफ॥ के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए हैं, सभी एयरबेस पर एयर डिफेंस सिस्टम सक्रिय कर दिए गए हैं और 11 से 12 नवम्बर तक सीमावर्ती क्षेत्रों में ठडळअट (ठङ्कड्ढ ३ड्ड अर्शेल्ल) लागू कर दिया गया है। देखा जाये तो इस घबराहट की जड़ भारत की पिछली कुछ सटीक और निर्णायक कार्रवाइयों में है। सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाइयों ने पाकिस्तान की रणनीतिक सोच को गहरे स्तर पर प्रभावित किया है। उन कार्रवाइयों ने यह संदेश दिया कि अब भारत ॥धैर्यवान प्रतिक्रिया॥ वाले दौर से निकलकर ॥सटीक प्रतिशोध॥ के युग में प्रवेश कर चुका है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियां यह भली-भांति जानती हैं कि यदि दिल्ली जैसे संवेदनशील केंद्र पर आतंकवादी हमला किसी भी तरह से उनके यहाँ से संचालित नेटवर्क से जुड़ा पाया गया, तो भारत अब कूटनीतिक निंदा तक सीमित नहीं रहेगा।

हम आपको यह भी बता दें कि दिल्ली विस्फोट की खबर पाकिस्तान के प्रमुख मीडिया संस्थानों जैसे- प्रमुखता से छपी। दिलचस्प बात यह है कि अधिकांश समाचारों ने इसे ॥मिस्टेरियस ब्लास्ट॥ या ॥कार एक्सप्लोजन॥ कहकर परिभाषित किया, मानो वे किसी भी प्रत्यक्ष आतंकवादी संबंध से दूरी बनाना चाहते हों। देखा जाये तो पाकिस्तानी मीडिया का यह रुख वास्तव में एक रक्षात्मक मनोवृत्ति का प्रतीक है। जब किसी घटना से यह आशंका हो कि उसका धागा अपने ही भूभाग से संचालित आतंकी नेटवर्क तक जा सकता है, तब मीडिया ॥मिस्ट्री॥ और ॥अंडर इन्वेस्टिगेशन॥ जैसे शब्दों की ओट में अपनी जिम्मेदारी से बचने लगता है। देखा जाये तो भारत सरकार ने इस विस्फोट के बाद जिस संयमित परंतु निर्णायक ढंग से काम शुरू किया है, वह पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा संदेश है। न तो कोई त्वरित भावनात्मक प्रतिक्रिया, न कोई सार्वजनिक धमकी, बस एक गंभीर मौन जिसमें कार्रवाई का संकेत छिपा है। भारत अब ॥घोषणा की कूटनीति॥ नहीं, बल्कि ॥कार्रवाई की कूटनीति॥ अपनाता दिख रहा है। यह वही रणनीति है जिसने 2019 में पाकिस्तान को वैश्विक मंच पर अलग-थलग किया था। आज जब पाकिस्तान अपनी वायुसेना को चौकन्ना रख रहा है, तब यह समझना होगा कि इस्लामाबाद को अब यह डर है कि भारत कब, कहाँ और किस रूप में जवाब देगा, यह अनुमान लगाना असंभव है। देखा जाये तो दिल्ली विस्फोट के सूत्र एक नए आतंकवादी तंत्र की ओर इशारा कर रहे हैं– जहाँ प्रोफेशनल्स, खासकर डॉक्टरों को वैचारिक रूप से उग्र बना कर आतंकी नेटवर्क में शामिल किया जा रहा है। उमर मोहम्मद और उसके साथियों का मामला यह दिखाता है कि रैडिकलाइजेशन अब केवल मदरसों तक सीमित नहीं है, बल्कि डिजिटल मंचों और सोशल मीडिया समूहों के माध्यम से पढ़े-लिखे वर्ग तक पहुँच चुका है। भारत की खुफिया एजेंसियाँ इस मॉडल को समझ चुकी हैं और यही कारण है कि पाकिस्तान को इस बार अधिक भय है क्योंकि यह हमला संगठित आतंक का नहीं, बल्कि प्रशिक्षित आतंक का संकेत देता है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI NO. UPHIN/2001/09025

प्रबन्धक
अनूप मिश्रा

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा